डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, अंक-01 से 07 जनवरी 2023 | वर्ष-40 | अंक-01 | मूल्य-10.00

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने की मुलाकात

मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े सम-सामयिक विषयों पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित उनके निवास 7- लोक कल्याण मार्ग पर भेंट कर मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न सम-सामयिक विषय पर चर्चा की। श्री चौहान ने जनवरी 2023 में इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, जी-20 समिट की बैठकों और मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन पर चर्चा कर प्रधानमंत्री श्री मोदी से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में चर्चा करते हुये।

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सार्थक चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि 8, 9 और 10 जनवरी, 2023 को इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन के तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। सम्मेलन में आ रहे 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत मध्यप्रदेश की परम्परा के अनुकूल किया जायेगा। श्री चौहान ने बताया कि 11 और 12 जनवरी, 2023 को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गुयाना और सूरीनाम के राष्ट्रपति सहित लगभग 68 देशों के मंत्री, राजनयिक, उद्योगपति और प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वर्चुअल उद्घाटन करने का अनुरोध किया। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जी-20 की मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली 8 बैठकों और खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन की तैयारियों से अवगत कराया और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में लागू किये गये पेसा अधिनियम के बारे में अवगत कराया। श्री चौहान ने मध्यप्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों को जंगल, जमीन और जल पर अधिकार और उनकी संस्कृति और परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए प्रदेश में पेसा अधिनियम के अंतर्गत बनाये गये नियमों की जानकारी भी दी।

ओंकारेश्वर बांध में बनाया गया फ्लोटिंग सोलर प्लांट

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बताया कि फ्लोटिंग सोलर प्लांट ओंकारेश्वर में बांध के ऊपर सोलर पैनल बिछाकर सौर ऊर्जा उत्पन्न की जायेगी। प्लांट से जमीन भी बचेगी और पानी का वाष्पीकरण भी कम होगा। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री से इस परियोजना के लोकार्पण करने का आग्रह किया। प्रदेश के 53 हजार किसानों द्वारा की जा रही प्राकृतिक खेती के बारे में भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अवगत कराया।

मध्यप्रदेश में विकास से जुड़ी प्रदेश की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रधानमंत्री श्री मोदी से प्राप्त हो रहे मार्गदर्शन और सहयोग के लिए श्री चौहान ने प्रधानमंत्री का आभार माना।

पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

मध्यप्रदेश में 7.50 लाख विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

भोपाल, प्रदेश में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में इस वर्ष कक्षा 11वीं, 12वीं और महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को करीब एक हजार करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ 7 लाख 50 हजार विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। शिक्षण संस्थाओं को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ लेने वाले विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये भी कहा गया है।

पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति

उल्लेखनीय है कि विभाग की एक अन्य योजना पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति में इस वर्ष करीब 222 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं। राज्य छात्रवृत्ति में पिछड़ा वर्ग के स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों को प्रतिमाह छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा रहा है।

जन विकास कार्यक्रम में 172 करोड़ रुपये का बजट आवंटन

भोपाल, केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की जन-विकास योजना अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश को 172 करोड़ 79 लाख रुपये का बजट आवंटन मिला है। इस राशि से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य किये जा रहे हैं। आवंटित राशि में से गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के उन्नयन पर भी राशि खर्च की जा रही है।

आयुष विभाग ने 343 सीएचओ पद-स्थापना के आदेश जारी किये

भोपाल, आयुष विभाग ने मध्यप्रदेश में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में रिक्त पदों में 343 आयुष सीएचओ के पद स्थापना के आदेश जारी कर दिये हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत 562 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है। पद-स्थापना संबंधी आदेश आयुष विभाग की विभागीय वेबसाइट पर भी जारी किये गये हैं।

आयुष विभाग के अंतर्गत 1773 आयुष औषधालयों में से चिन्हित कर चयनित आयुष औषधालयों का उन्नयन कर आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना की जा रही है। आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में जन-सामान्य को औषधीय पौधों के गुणों से परिचित कराने के लिये हर्बल गार्डन भी लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही सेंटर में प्रशिक्षक द्वारा जन-सामान्य को योग कराने की व्यवस्था भी है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर स्थापित करने का उद्देश्य एक ही जगह पर आयुष चिकित्सा पद्धति की विभिन्न विधाओं को उपलब्ध कराकर चिकित्सालयों में रोगी के भार को कम करना भी है।

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति

तकनीकी प्रधान राज्य के रूप में होगी मध्यप्रदेश की पहचान

भोपाल, अभी तक मध्यप्रदेश को कृषि प्रधान प्रदेश के रूप में जाना जाता था। मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति लागू होने के बाद अब प्रदेश की पहचान तकनीकी प्रधान राज्य के रूप में भी होगी। प्रदेश में इस नीति को तत्परता के साथ लागू किया जायेगा। नीति को तैयार करने में वैज्ञानिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की जानी चाहिये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासन अकादमी भोपाल में मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति-2022 के विमोचन के दौरान कहीं। उन्होंने नीति के उद्देश्यों एवं प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश भी डाला। श्री चौहान ने कहा कि इस नीति के प्रमुख तीन उद्देश्य हैं। वैज्ञानिक सोच और समझ को दैनिक जीवन का अंग बनाना, सरकार और समाज में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करना और नया सोचने, नया सीखने और नई पहल करने वाली पीढ़ी का निर्माण करना।

- **भारत की 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी में मध्यप्रदेश 550 बिलियन का योगदान करेगा।**
- **विज्ञान के प्रति जागरूकता को पूरे भारत में नंबर-1 पर लाने की कोशिश होगी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान का लोकव्यापीकरण किया जायेगा। इसके लिये सब मिलकर प्रयास करेंगे। जिज्ञासा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारी जिंदगी बदल देता है। श्री चौहान ने कहा कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो व्यक्ति बड़े से बड़ा काम कर सकता है। विज्ञान और आध्यात्म एक-दूसरे के सहयोगी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य नवाचार कोष की स्थापना की जायेगी। भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने में विज्ञान और तकनीकी का पूरा उपयोग किया जायेगा। मध्यप्रदेश आध्यात्म और विज्ञान की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। भारतीय कैलेण्डर अधिक सटीक और वैज्ञानिक है। मध्यप्रदेश का उज्जैन शहर प्राचीन काल-गणना का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम वर्तमान युग में डाटा की महत्वता समझते हैं। कोडिंग लैब, क्यूरोसिटी लैब के लिए प्रयास करेंगे। भारतीय ज्ञान परम्परा का प्रभावी उपयोग करेंगे। हम आध्यात्म और विज्ञान में अग्रणी रहे हैं। वैद्य नाड़ी देखकर ही बीमारी का पता कर लेते हैं।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि नये प्रयोगों से जन-सामान्य को सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। गांव-गांव तक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के हर व्यक्ति का जीवन आनंदमय हो, इसके लिये मुख्यमंत्री लगातार प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री जी ने 'जय विज्ञान-जय अनुसंधान' का नारा दिया है।

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में टेक्नोलॉजी और नवाचार से ही सुशासन स्थापित किया जा सकता है। यह नीति मुख्यमंत्री श्री चौहान के विजन को प्रस्तुत करती है।

प्रवासी भारतीय सम्मेलन के आयोजन में इंदौर रहेगा नंबर वन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुये।

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस समागम एवं इन्वेस्टर्स समिट को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन भी विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथियों को देवतुल्य माना गया है। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया जावे। उनके स्वागत-सत्कार में किसी भी तरह की कमी नहीं रखी जावे। किसी भी अतिथि को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रवासी भारतीय सम्मेलन एवं इन्वेस्टर सम्मिट अविस्मरणीय और यादगार बने। अतिथि ऐसी यादें लेकर जाएं जो हमेशा उनके दिल और दिमाग में रहें। जिस तरह इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है, उसी तरह इस आयोजन में भी इंदौर नंबर वन बने।

श्री चौहान ने कहा कि आयोजन की सफलता को चिरस्थायी बनाये रखने के लिये इंदौर में ग्लोबल गार्डन विकसित किया जाये। इसमें आने वाले सभी अतिथियों से वृक्षारोपण कराया जाये। मुख्यमंत्री ने आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं और आयोजन के दौरान होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अतिथियों के आवास, परिवहन, भोजन आदि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि माइक्रो प्लानिंग बना कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाये।

विदेश राज्यमंत्री श्री वी. मुरलीधरन ने बैठक के पूर्व आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। आयोजन निश्चित रूप से सफल होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि इस आयोजन में पूरे शहर और समाज की सहभागिता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

Requirements

Academic Positions for MBA COURSE
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Finance, HR, Marketing, Operation, Business Communication, IT, E-Commerce
Admin Staff : • Registrar • Office Assistant • Librarian • Book Lifter

Qualification As perAICTE/DTE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates (Selection Under College Code 28)

Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 15 days from the date of advertisement or mail : sapientregistrar@gmail.com Mob.: 9717265930

IMI PROFESSIONAL STUDIES
(Approved by AICTE New Delhi & DTE, Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, Opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Bardari, Behind Choki Dhani, Khandwa Road, Indore (M.P.) 452020

R-47959/2022

Requirements

Academic Positions for B.A.LL.B. (5 Years Integrated), LL.B.(3 Years) :-
• Principal • Professor • Associate Professor • Assistant Professor
for Political Sc., Hindi, History, Economics & English-LL & all Law Subjects.
Admin Staff : • Registrar • Scholarship Staff • Office Assistant • Librarian • Book Lifter • PR / Admission / Marketing Officer

Qualification As per UGC / BCI / DHE & DAVV norms Salary : No bar for experienced & deserving candidates

Interested candidates may send their updated CV along with photocopy of all testimonials at Institute's following address within 15 days from the date of advertisement or mail : registrarsslc@gmail.com Mob.: 9717265930

S & S LAW COLLEGE
(Approved by BCI, New Delhi & D.H.E. Bhopal, Affiliated to DAVV, Indore)
City Office : 418 Milinda Manor, Opp. Central Mall, RNT Marg, Indore (M.P.) Ph. 0731-2527587
Campus - Village Datoda, Khandwa Road, Near Choki Dhani, Indore (M.P.) 452020

R-47960/2022

Requirement

APPLICATIONS ARE INVITED UNDER COLLEGE CODE 28
• PROFESSOR (LAW)
• ASSOCIATE PROFESSOR (LAW)
• ASST. PROFESSOR :
• Law • Political Science • Economics • History • English
• Accounts • Management • Finance

(Qualification & Salary as per UGC, MP Higher Education & Bar Council of India norms) Submit your resume along with photocopies of mark sheets & passport size photograph and Aadhar Card (Self Attached). Apply within 15 days from the date of advertisement to the Principal, M.B. Khalsa Law College, Indore.
Note - Candidates having NET/SET/Phd. will be preferred

M.B. KHALSA LAW COLLEGE
(Managed by M.B. Khalsa Education Society, Indore)
(Affiliated to D.A.V.V., Indore & Approved by Bar Council of India, New Delhi)
Near Gangwal Bus Stand, Raj Mohalla, Indore -2 (M.P.)
Ph.: 0731-2382102 Email.: mbklaw2004@gmail.com

R-47961/2022

आज़ाद पी 3 एकेडमी
अपनी पी एस्पिरेंट आज़ाद है, उसे पास कर के रहेगी इंदौर
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु समर्पित
MPPSC
ONLINE FREE CLASSES
ON AZAD P3
App & You Tube Channal
MPPSC PRE
NEW BATCH START 9 JAN'23
MPSI NEW BATCH START 5 JAN'23
संविदा COMING SOON
पटवारी FREE YouTube
ई.ओ.आई. / रेत वीरेंद्र डिंडोर मौसम, हल्का हल्लिया के पास, मंगलवा, इंदौर
0731-4966653 / 54, 70244-88260

R-47962/2022

INDORE MAHAVIDYALAYA
Approved by Higher Education, Bhopal (M.P.) & Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.)
Courses Offered • B.Com (Plain) • B.com (Computer Application) • B.B.A. • B.Sc. (Computer Science) • B.Sc. (Electronics) • B.S.W. • M.S.W. • B.A.
Recruitment for 2022-23
• Principal • H.O.D. • Assistant Professor • Professor
• Administrative Officer • Computer Operator • Lab Operator
• Health and Physical Education / Sports Teacher
Qualification for all above shall be strictly as per Higher Education Department Bhopal, UGC & Devi Ahilya Vishwavidyalaya norms under college code 28.
Eligible candidate may send their resume within 15 days of advertisement by email or visit campus
Address : Jambudi Hapsi, Indore (M.P.) Contact : 9522187222, 8103034534
Email ID : hrimv2000@gmail.com

R-47965/2022

18 वर्षों के अनुभव के साथ
शिक्षक पात्रता परीक्षा
MP - TET
वर्ग – 1 / 2
सभी विषय उपलब्ध
2018 भर्ती में 100 से अधिक चयन
बालाजी टयूटोरियल्स
221 वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653

R-47958/2022

Liberal College
Rau, Indore
Affiliated to D.A.V.V. Indore
NCTE, M.P. Education Board, M.P.
Higher Education, Bhopal, B.C.I. Delhi
Application are invited for the following
PRINCIPAL / HOD
Asst. Professor/ Asso.Professor/ Professor For Perspective Education., Pedagogy Subject, Health & Physical Education, M.S.W., Commerce, Law, History, Economics, English, Sociology, Political Sci, Computer Sci., Librarian, Lab Assitant
Email CV with Photo at:
liberalcollege111@gmail.com
Campus: Plot 11/13 Village Pigdamber, Rau, Indore (M.P.)

R-47968/2022

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story
MPPSC को प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिये विशेष बैच
इस बार 80 दिनों में 80 पार
80 Days Intensive Online Training Programme
मात्र ₹ 999/-
प्रमुख विशेषताएं
• 20 से अधिक प्रमाणिक, अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन।
• प्रतिदिन 4:30 घंटों की कक्षा जिसमें 3 शिक्षक 3 विषयों का अध्यापन करेंगे।
• प्रतिदिन कक्षा में ही 50 प्रश्नों को हल करवाया जायेगा।
• पूरे 80 दिनों के कार्यक्रम में लगभग 5000 प्रश्न, जिनमें 10 FLTs भी शामिल होंगे।
• नोट्स PDF में उपलब्ध कराये जायेंगे।
2nd Rank (MPPSC)
Rachna Sharma
बैच प्रारंभ: 20 जनवरी' 23
Batch Timing: 8:00am - 12:30pm (Hindi) 4:30pm - 9:00pm (English)
BOOK YOUR SEAT NOW!
Bhopal Branch
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 9302963679, 0755-4940022
Indore Branch
111-117, 1st Floor, Veda Building, Bhawar Kuan Square, Indore
9893739446, 7725837474

R-47957/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 1 02.01.2023 से 08.01.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaarnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश खेलों में भी बनेगा नम्बर-वन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह में वर्ष 2020 की खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में खेल के अनुरूप वातावरण बन रहा है। हर जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर खेल अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। प्रदेश में उत्कृष्ट खेल अधोसंरचना तो होगी ही साथ ही खिलाड़ियों को खेल के लिये हर सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। मध्यप्रदेश खेलों में भी नंबर-वन बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। बच्चों की प्रसन्नता खेलते समय अद्भुत होती है। खेल जिंदगी का अंग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलिंपिक खेलों में पदक वाले खिलाड़ियों को डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बनाया जायेगा। खेलो इंडिया गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिये 5 लाख रुपये प्रति वर्ष दिये जायेंगे। मध्यप्रदेश के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा में डटकर मुकाबला कर मेडल लेकर आयें। उन्होंने कहा कि भोपाल के बरखेड़ा नाथू में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम निर्मित कर रहे हैं। केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश ने विगत दो दशकों में खेल के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है। इसके लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बधाई के पात्र हैं। यहां उत्कृष्ट गुणवत्ता की खेल अधोसंरचना है। यहां का शूटिंग रेंज बहुत खूबसूरत है। 30 एकड़ में तैयार हॉर्स रेस सेंटर उम्दा है। जब किसी अन्य देश में हमारे खिलाड़ी पदक लेते हैं तो हमारा राष्ट्र ध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्र-गान होता है। इससे देश का गौरव बढ़ता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को पहली बार चेस ओलिंपियाड के आयोजन का अवसर मिला है। देश को पहली बार थॉमस कप में वर्ष 2022 में गोल्ड मेडल मिला है। देश में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश का खेल बजट 4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4 हजार करोड़ रुपये तक कर दिया है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधराराजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारे बच्चे सभी खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर से भी मेडल ला रहे हैं। खिलाड़ियों को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने की कोशिश की जा रही है। खिलाड़ी अपना लक्ष्य हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन करें। खेलो इंडिया गेम्स 30 जनवरी को मध्यप्रदेश में शुरू होंगे। पुरस्कृत खिलाड़ियों में वर्ष 2020 का एकलव्य पुरस्कार सुश्री सुषमा वर्मा को, केनोइंग-कयाकिंग और सुश्री सुचिता सिंह को सॉफ्ट टेनिस में दिया। श्री स्पर्श खरे को दृश्य खेल में एकलव्य पुरस्कार 2020 प्रदान किया गया। अर्जुन सिंह को घुड़सवारी खेल के लिये वर्ष 2020 का एकलव्य पुरस्कार दिया गया। श्री सुनील डावर को एथलेटिक्स में 2020 का एकलव्य पुरस्कार उनकी अनुपस्थिति में उनके पिता को प्रदान किया गया। गौरांशी शर्मा (दिव्यांग) को बैडमिंटन में वर्ष 2020 का एकलव्य पुरस्कार दिया गया। श्री राममिलन यादव को सेलिंग में, श्री अंकित शर्मा को फेंसिंग में, सुश्री अनुराधा अहिरवार को तीरंदाजी में, सुश्री पीवी रजक को शूटिंग में, श्री शशांक पटेल को ताइक्वांडो में, सुश्री साधना सेंगर को हॉकी, श्री ध्रुवराज कुर्रे को पॉवर लिफ्टिंग में एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

धूप भी जरूरी है नींद के लिये

सूरज की रोशनी मानव जीवन के लिये अत्यन्त आवश्यक है। सूरज की रोशनी से विटामिन 'डी' मिलता है, जो शरीर के लिये अत्यन्त जरूरी है। इसकी कमी से शरीर में कई तरह के रोग हो सकते हैं। वहीं अमेरिका में हुये एक अध्ययन में सामने आया है कि दिन में अपर्याप्त सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रहने से रात में सोने में समस्या हो सकती है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञान विभाग के प्रोफेसर होगसियो डे ला इग्लेसिया ने बताया कि हमारे शरीर में एक प्राकृतिक सर्केडियन घड़ी होती है, जो बताती है कि रात को कब सोना है और सुबह कब जागना है। यदि आपको दिन के दौरान पर्याप्त सूरज की रोशनी नहीं मिलती है, तो इससे आपकी घड़ी में देरी होने लगती है और यह रात में नींद को पीछे धकेलता है। यानी रात के समय आसानी से नींद नहीं आती है। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन के माध्यम से दुनियाभर में लोगों की बढ़ती संख्या के साथ शहरों में बढ़ते कृत्रिम प्रकाश के बढ़ते चलन को लेकर चेताया है। शोधकर्ताओं ने सोने में मदद करने के लिये स्क्रीन पर गुजारने वाले समय और कृत्रिम प्रकाश को कम से कम करने और दिन में बाहर निकलने की सलाह दी है। उनका कहना है कि यह अध्ययन लोगों को खासकर सुबह प्राकृतिक प्रकाश प्राप्त करने की सलाह देता है। भले ही वह थोड़ी देर के लिये ही क्यों न हो। इग्लेसिया ने बताया कि सुबह मिलने वाली सूरज की रोशनी आपकी सर्केडियन घड़ी को आगे बढ़ाती है। यानी रात में आपको जल्दी नींद आयेगी। लेकिन रात में प्रकाश के संपर्क में आने से आपके इस चक्र में देरी होती है, जिससे आप थका महसूस करेंगे और रात में आपको बेहतर नींद नहीं आती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी

प्रवासी भारतीयों के महत्व को दर्शाता है यह दिन

भारत सरकार का विदेश मंत्रालय आयोजक देश के सहयोग से और यदि भारत में उसका आयोजन हो रहा हो तो सम्बन्धित राज्य सरकार के सहयोग से, प्रति वर्ष 9 जनवरी के दिन 'प्रवासी भारतीय दिवस' का आयोजन करता है। महात्मा गांधी इसी दिन वर्ष 1915 में दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश वापस आए थे। दक्षिण अफ्रीका में और बाद में भारत आने पर भी गांधीजी ने प्रवासी भारतीयों के आधिकारों की जो निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, उनके उस अवदान के परिप्रेक्ष्य में ही उनके स्वदेश आगमन की तिथि 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस के तौर पर मनाने का निश्चय किया गया था। प्रवासी भारतीयों को देश से जोड़ने का मकसद लेकर दिल्ली में पे से 11 जनवरी, 2003 के बीच पहला, 'प्रवासी भारतीय दिवस' का आयोजन हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। वर्ष 2003 से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्रायः तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसमें अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह एक सुखद संयोग ही है कि अपनी मेधा और परिश्रम के बूते कुछ भारतीय प्रवासियों ने विदेशों में उच्च पद भी प्राप्त किये। दुनिया के कई देशों की राजनीतिक सत्ता में शीर्ष पदों पर भारतीय मूल लोग काबिज हैं। कई सरकारों के प्रमुख भारतीय मूल के हैं।

क्यों मनाया जाता है प्रवासी भारतीय दिवस

भारत में प्रवासी दिवस मनाने का सबसे बड़ा औचित्य सम्भवतः यही है कि विभिन्न देशों के प्रवासी जो विश्वभर में फैले हुए हैं, उनमें भारतीयों की संख्या काफी अधिक है और उनके अवदान को मान्यता देना हमारी नैतिक जवाबदेही है। वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्वभर में फैले भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग एक करोड़ 75 लाख है, जिसमें से लाखों प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। भारतीय प्रवासियों की इतनी बड़ी संख्या के हित संरक्षण के लिये मनाये जाने वाले इस विशिष्ट आयोजन का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना और विश्व के सभी देशों में अप्रवासी भारतीयों का नेटवर्क बनाना तथा युवा पीढ़ी को प्रवासियों से जोड़े रखना है। विदेशों में रह रहे भारतीय श्रमजीवियों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को सुनना तथा उन्हें दूर करने का प्रयत्न करना भी इस दिवस के आयोजन का एक लक्ष्य है। भारत के प्रति प्रवासियों को आकर्षित करना और निवेश के अवसर को बढ़ाना भी इस आयोजन का एक मुख्य उद्देश्य है। भारतीय प्रवासी दिवस शुरू करने का श्रेय लक्ष्मीमल सिंघवी कमेटी को जाता है। प्रवासी भारतीयों को उनके अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और असाधारण योगदान के लिये प्रति वर्ष प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया जाता है। प्रवासी भारतीय सम्मान भारत के प्रवासी भारतीय के मामलों के मंत्रालय द्वारा स्थापित एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

प्रवासी भारतीय दिवस के सात प्रमुख उद्देश्य हैं

प्रत्येक दो वर्ष में एक बार देश में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया जाता है। इस द्विवार्षिक समागम के मुख्य उद्देश्य हैं :

- प्रवासी भारतीयों के भारत के प्रति सोच और उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ ही उनकी अपने देशवासियों के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना।
- भारतवासियों को प्रवासी भारतीय बनने की उपलब्धियों के बारे में बताना तथा प्रवासियों को देशवासियों की सराहना से अवगत करवाना।
- विश्व के विभिन्न देशों में बसे प्रवासी भारतीयों का एक नेटवर्क बनाना।
- भारत के दूसरे देशों से बनने वाले मधुर सम्बन्ध में प्रवासी भारतीयों की भूमिका के बारे में प्रवासी भारतीयों को बताना।
- भारत के दूसरे देशों से बनने वाले मधुर सम्बन्ध में प्रवासी भारतीयों की भूमिका के बारे में आम लोगों को बताना।
- भारत की युवा पीढ़ी को प्रवासी भारतीयों से जोड़ना।
- भारतीय श्रमजीवियों को विदेश में किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना होता है, उसके बारे में विचार-विमर्श करना।

इन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति के सन्दर्भ में प्रवासी भारतीय दिवस की सफलता को आंका जाता है।

प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन की अनुशंसाओं की समीक्षा भी की गई

वर्ष 2018 में प्रवासी भारतीय दिवस के साथ ही एक दिवसीय - 'प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन' (फर्स्ट पीआईओ पार्लीमेन्टेरियन कॉन्फ्रेंस)', प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों से सम्पर्क के जरिए इन देशों से सम्बन्ध मजबूत बनाना भी था, जहां प्रवासी भारतीयों की संख्या समुचित है। इस सम्मेलन में तेईस देशों के एक सौ इकतालिस संसद सदस्यों और मेयरों ने भाग लिया। जिसमें ब्रिटेन, कनाडा, फिजी, केन्या, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और अन्य देशों से एक सौ चौबीस संसद सदस्य शामिल थे। जबकि अमेरिका, मलेशिया, स्विट्जरलैंड, गुयाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो सहित अन्य देशों से सत्रह मेयरों ने सम्मेलन में भाग लिया था। इस आयोजन में भारतीय प्रवासियों से जुड़े विषयों पर विभिन्न देशों की विधायिकाओं की भूमिका पर कुछ सुझाव दिये गये थे और भारतीय प्रवासियों के लिए व्यवसायगत और आव्रजन सम्बन्धी जो अनुशंसाएं की गई थीं उनकी समीक्षा भी उस भारतीय प्रवासी दिवस पर की गई। प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन में दो मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई थी। पहले सत्र का विषय था- 'विदेशों में बसे भारतीय मूल के सांसदों के संघर्ष का सफर' और दूसरे भाग में- 'पुनरुत्थानशील भारत और विदेशों में बसे भारतीय मूल के सांसदों के योगदान' पर विशेष चर्चा हुई थी। एक परिप्रेक्ष्य में यह प्रवासी सांसद सम्मेलन बेहद सफल रहा था।

इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर में होगा

सत्रहवां प्रवासी भारतीय दिवस इस बार मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी कहे जाने वाले शहर इन्दौर में आठ से दस जनवरी 2023 तक मनाया जाएगा। प्रवासी भारतीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने विभिन्न देशों के भारतवंशियों, फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों और उद्योग व्यापार से जुड़े भारतीय मित्रों के सहयोग के लिए विगर्श किया है। इस वर्ष प्रवासी भारतीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इंदौर आने के लिए स्वीकृति दे चुके हैं। सम्मेलन में मालवा की विशिष्ट कला-संस्कृति का प्रदर्शन होगा। साथ ही चुनिन्दा रियल एस्टेट प्रोजेक्ट भी दिखाए जाएंगे। प्रवासी भारतीय दिवस और सम्मेलन की वेबसाइट पर विभिन्न ग्रुपों में शामिल सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इंदौर के स्टेडियम में प्रधानमंत्री का विशेष पोट्रेट चित्र तैयार कर भेंट करने की भी योजना है। इन्दौर में प्रवासी भारतीय दिवस पर आने वाले आमंत्रित प्रतिनिधियों को उज्जैन में लोकार्पित श्री महाकाल लोक के दर्शन भी करवाये जायेंगे। इसी अवसर पर युवा प्रवासी भारतीय दिवस समारोह भी 08 जनवरी 2023 को होगा। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया की संसद के सदस्य जानेटा मासकारेन्हस मुख्य अतिथि होंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ इस प्रवासी भारतीय दिवस के प्रायोजक हैं।

कई देशों के विकास में रहा है प्रवासी भारतीयों का योगदान

प्रवासी भारतीय वह लोग हैं, जो भारत छोड़कर विश्व के दूसरे देशों में जा बसे हैं। यह दुनिया के अनेक देशों में फैले हुए हैं। विभिन्न देशों में रह रहे प्रवासियों की संख्या करीब एक करोड़ सत्तर लाख है। इनमें से कुछ देशों में पांच लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय वहां की औसत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और वहां की आर्थिक व राजनीतिक दशा व दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहां उनकी आर्थिक, शैक्षणिक व व्यावसायिक दक्षता का आधार काफी मजबूत है। प्रवासी भारतीय विभिन्न देशों में रहते हैं, अलग भाषा बोलते हैं परंतु वहां के विभिन्न क्रियाकलापों में महती भूमिका निभाते हैं। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है और यही कारण वे भारत से गहराई में जुड़े हैं। जहां-जहां प्रवासी भारतीय बसे वहां उन्होंने आर्थिक तंत्र को मजबूती प्रदान की और बहुत कम समय में अपना स्थान बना लिया। वे मजदूर, व्यापारी, शिक्षक, अनुसंधानकर्ता, खोजकर्ता, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, प्रबंधक, प्रशासक आदि के रूप में दुनियाभर में स्वीकार किए गए। प्रवासियों की सफलता का श्रेय उनकी परंपरागत सोच, उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक मूल्यों और शैक्षणिक योग्यता को दिया जा सकता है। कई देशों में वहां के मूल निवासियों की अपेक्षा भारतवंशियों की प्रति व्यक्ति आय ज्यादा है। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके कारण भारत की विदेशों में छवि निखरी है। प्रवासी भारतीयों की सफलता के कारण भी आज भारत विश्व में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। डॉ एल. एम. सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट में प्रवासी भारतीयों पर बनाई गई उच्चस्तरीय कमेटी को पहला ऐतिहासिक कदम बताते हुए इस बात की आशा व्यक्त की गई है कि कमेटी द्वारा जो सुझाव दिए गये उन पर सरकार पहल करेगी।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक है)

कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पं. खुशीलाल शर्मा, शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान
(साइन्स हिल्स, मैनेट के पीछे, भोपाल)

E-mail : principal@klsgaci.nic.in, Website : www.klsgaci.edu.in, Phone : 0755-2970310

क्रमांक/2022/छात्रकक्ष/4096 भोपाल, दिनांक 21.12.2022

विज्ञप्ति
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 में प्रवेश पंचकर्म टेक्नीशियन 01 वर्षीय

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल में निम्नलिखित विषयों में संचालित पैरामेडिकल पंचकर्म टेक्नीशियन सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम सत्र 2022-2023 में प्रवेश हेतु सीटों पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	उपलब्ध सीट	प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता
01.	पंचकर्म टेक्नीशियन "सर्टिफिकेट कोर्स"	01 वर्ष	45	10+2 बारहवीं किसी भी (संकाय) विषय से उत्तीर्ण अथवा समकक्ष

आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर पूर्ण विवरण सहित अनारक्षित वर्ग के लिये रु. 200/- तथा आरक्षित वर्ग के लिये रु. 100/- का बैंक ड्राफ्ट जो कि "प्रधानाचार्य पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल" के नाम से देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा व स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना होगा। शुल्क-पंचकर्म टेक्नीशियन पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क राशि रुपये 39,604/- (रुपये 5000/- वापसी योग्य काशनमनी सहित) देय होगी। पाठ्यक्रम में सीटों का आरक्षण शासन के नियमानुसार रहेगा। प्रवेश हेतु **आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2023** है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश मैरिट के आधार पर महाविद्यालय द्वारा ऑफलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से दिया जायेगा, प्रवेश से संबंधित निर्देश एवं काउन्सिलिंग का विस्तृत शैड्यूल वेबसाइट **www.klsgaci.edu.in** पर उपलब्ध रहेगा। काउन्सिलिंग में भाग लेते समय अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी मूल प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा। इस हेतु पृथक से कोई कॉल लेटर संस्थान स्तर से नहीं भेजा जायेगा। काउन्सिलिंग में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

पंचकर्म टेक्नीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व-प्रमाणित नवीन फोटो

प्रति,
प्रधानाचार्य
पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी),
आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल।

01. आवेदित पाठ्यक्रम का नाम	
02. आवेदक का पूरा नाम	
03. पिता/पति का नाम	
04. जन्मतिथि	
05. आयु (31 दिसम्बर 2022) की स्थिति में	..... वर्ष ..... माह ..... दिन
06. आधार कार्ड नं.	
07. श्रेणी (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग)	
08. स्थाई पता	
09. अभ्यर्थी का दूरभाष/मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी.	
10. अभिवावक का दूरभाष/मोबाइल एवं ई-मेल आई.डी.	

शैक्षणिक अर्हता :-

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	परीक्षा विषय	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत
01.	10वीं या समकक्ष					
02.	12वीं या समकक्ष					
03.	अन्य					

"घोषणा पत्र"

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गयी समस्त जानकारी सत्य है। प्रवेश के समय, प्रवेश पश्चात् अथवा किसी भी समय जानकारी असत्य प्रमाणित होने पर मेरा प्रवेश संस्था द्वारा निरस्त कर दिया जाये, साथ ही इस पाठ्यक्रम के अलावा अन्य किसी पाठ्यक्रमों में मेरे द्वारा किसी भी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया गया है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

दिनांक .....

स्थान ..... **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

आवश्यक संलग्नकों की सूची :-

1. 10वीं अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
2. 12वीं अथवा समकक्ष अंकसूची (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
3. बोर्ड का मईग्रेशन (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
4. म.प्र. मूल निवासी प्रमाण-पत्र/अन्य प्रदेश के वाहर मूल निवासी प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
5. जाति प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
6. आय प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
7. स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
8. गैप शपथ-पत्र (अंतिम अध्ययन के पश्चात् यदि गैप रहा हो तो)
9. शपथ-पत्र (किसी अन्य महाविद्यालय में प्रवेश ना लेने के संबंध में)
10. आधार कार्ड/समग्र आईडी (अभिप्रमाणित छायाप्रति)
11. यदि महिला अभ्यर्थी शादी-शुदा है, तो मैरिज सर्टिफिकेट।
12. नवीन पासपोर्ट साईज फोटो 03

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर
जी-20825/47938/2022

(DIRECTORATE OF SKILL DEVELOPMENT)
(MADHYA PRADESH STATE SKILL DEVELOPMENT AND EMPLOYMENT GENERATION BOARD)

Ref. No. 4937 **Bhopal, Dated 22.12.2022**

EXPRESSION OF INTEREST

Madhya Pradesh State Skill Development and Employment Generation Board, Bhopal (Directorate of Skill Development) invites offers from interested Central/State Government Agencies/PSU with proven capabilities and demonstrated performance to express their interest to participate in the competitive bidding for **"Selection of Government Agency for Conducting End-to-End Integrated Online Counselling for Admissions in ITI's of Madhya Pradesh"**

For further details, please visit **https://www.dsd.mp.gov.in**

Additional Director
(Skill Development M.P.)

G-20833/47939/2022

कार्यालय प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र
सिरोंजा सागर, सागर संभाग सागर

ई-मेल : Principalpetcsgr@gmail.com

अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सागर में म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा, वैंकिंग रेलवे, एस.एस.सी. प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नर्सिंग प्रवेश परीक्षा (PNST, GNST) की तैयारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उक्त परीक्षाओं में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अतिथि व्याख्याओं के लिए निर्धारित योग्यता एवं अनुभव निम्नानुसार रहेगा।

1. उम्मीदवारों को प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि धारक ऐसे प्रशिक्षित कोचिंग संस्थान जहां से प्रशिक्षार्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा में होता रहा हो, में अध्यापन का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है।
2. योग्य उम्मीदवारों का पैनल बना कर समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में व्याख्याताओं को व्याख्यान हेतु। आमंत्रित किया जावेगा एवं उन्हें शासन द्वारा नियत मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा जो वर्तमान में 90 मिनट का रुपये 800/- है।
3. आवेदन प्रारूप में अतिथि व्याख्याताओं द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों एवं संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
4. प्राप्त आवेदन पत्रों में से योग्य उम्मीदवारों का चयन राज्य शासन के निर्देशों के पालन में केन्द्र में गठित समीति द्वारा किया जावेगा, जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

निर्धारित अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अपना आवेदन संलग्न आवेदन प्रारूप में शैक्षणिक अभिलेखों व अनुभव प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों के साथ दिनांक 21.01.2023 तक केन्द्र के ई-मेल **Principalpetcsgr@gmail.com** पर अथवा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, सिरोंजा सागर

कार्यालय प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, सिरोंजा सागर
अनुसूचित जाति बालक पो.मै. छात्रा के सामने सागर, संभाग-सागर

ई-मेल : Principalpetcsgr@gmail.com

अंशकालीन अतिथि व्याख्याताओं के चयन हेतु आवेदन पत्र

1. अध्ययन विषय जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है .....
2. प्रतियोगी परीक्षा का नाम .....
3. नाम - .....
4. पिता/पति का नाम - .....
5. आयु/जन्मतिथि - .....
6. पत्राचार का पता - .....
7. आधार नं. - .....
8. ई-मेल आईडी - .....
9. मोबाइल नं. - .....
10. शैक्षणिक योग्यता - .....

क्र.	परीक्षा	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/विश्वविद्यालय	विषय	प्रतिशत/ग्रेड/CGPA
1.	हाईस्कूल				
2.	हायर सेकेण्ड्री				
3.	स्नातक				
4.	स्नातकोत्तर				
5.	एम.फिल				
6.	अन्य				

11. स्वयं आवेदक द्वारा दी गई विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का विवरण -

क्र.	परीक्षा का नाम	वर्ष	परिणाम	रिमार्क

12. प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्यापन का अनुभव -

क्र.	परीक्षा का नाम	प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता ई-मेल, फोन नं. सहित	प्रशिक्षक के अनुभव की अवधि	कुल प्रशिक्षणार्थी जिनको प्रशिक्षण दिया गया	परीक्षा परिणाम प्रतिशत में संस्थान के प्रमाण पत्र संलग्न करें	रिमार्क

जी-20803/47941/2022 **आवेदक के हस्ताक्षर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मैकेनिकल खण्ड, अरविन्द विहार
लहारपुर डेम के समीप, वाग मुगालिया, भोपाल

फोन नं : 0755-2930001, ई-मेल : empbhbpl@mp.nic.in

क्रमांक/3160/तक/का.यं./लो.स्वा./मैके.खण्ड/भोपाल/2022 **दिनांक : 23.12.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21/2022-23, दिनांक 23.12.2022 ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2022_PHED_239779_1 दिनांक 23.12.2022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड, भोपाल के अंतर्गत रायसेन जिले में विभागीय रिग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 100 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा **दिनांक 09.01.2023 सायं 17.00 बजे तक** अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2,10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 10.01.2023 को सायं 17.15 बजे ऑनलाइन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रुपये 8,05,520/- (रुपये आठ पांच हजार पांच सौ बीस) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रुपये 16,110/- (रु. सोलह हजार एक सौ दस) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) राशि रुपये 2000/- दिनांक 09.01.2023 सायं 17.00 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वेवसाइट : **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। परिशिष्ट/संशोधन केवल वेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

कार्य का विवरण	टेण्डर के प्राक्कलन की अनु. लागत राशि (रु.)	धरोहर राशि (रु.)	टेण्डर का मूल्य (रु.)	टेण्डर विक्री की तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	कार्य अवधि
वर्ष 2022-23 में रायसेन जिले में विभागीय रिग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 100 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य।	8,05,520/-	16,110/-	2,000/-	28.12.2022 से 09.01.2023 17.00 तक	10.01.2023 सायं 17.15 तक	अनुबंध दिनांक से 1 वर्ष

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेवसाइट पर **https://mptenders.gov.in** निविदा क्रमांक 2022_PHED_239779_1 दिनांक 23.12.2022 उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री
जी-21045/47964/2018 **लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, भोपाल**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

फोन : 07162-243214, ई-मेल : E-mail : pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं. 28/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/पी.आई.यू./व.ले.लि. छिंदवाड़ा, दिनांक : 28.12.2022

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्मों से आमंत्रण की जाती है :

स.क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी	90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एम.ओ.यू. निष्पादित
1.	2022_PWPIU_240733_1	ग्राम-टुमरागढ़ी, जिला छिंदवाड़ा में नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	छिन्दवाड़ा	337.94	337940.00	15000.00	14 माह वर्षाऋतु सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक, लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
2.	2022_PWPIU_240736_1	ग्राम-मोया, जिला छिंदवाड़ा में नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)	छिन्दवाड़ा	337.94	337940.00	15000.00	14 माह वर्षाऋतु सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक, लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
3.	2022_PWPIU_240739_1	ग्राम-खमरा, तह. चौरई, जिला छिंदवाड़ा में नवीन आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य) (तृतीय आमंत्रण)	छिन्दवाड़ा	105.19	105190.00	12500.00	10 माह वर्षाऋतु सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक, लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 30.12.2022 समय 09.00 से दिनांक 14.01.2023 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-21040/47963/2022 संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., छिन्दवाड़ा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
साउथ सिविल लाइन, जबलपुर

एनआईटी नं.-05/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2022 दिनांक : 16.12.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2022_PWDRB_238423_1	मण्डला	पुल कार्य	मण्डला जिले के सालहेरण्डा निचली मार्ग में बिटियार नाला में पहुंचमार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य।	प्रथम	Rs. 418.77 Lacks	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग जबलपुर
2.	2022_PWDRB_238429_1	सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले पिण्डराई खण्डासा मार्ग में बावन थडी नदी पर नवीन पुल निर्माण।	प्रथम	Rs. 441.52 Lacks	
3.	2022_PWDRB_238978_1	छिन्दवाड़ा	पुल कार्य	छिन्दवाड़ा जिले के ढीमर खेड़ा कुढिया मार्ग में कुलवेहरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य।	द्वितीय	Rs. 448.25 Lacks	
राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश में जनसंपर्क विभाग युवा, महिला, किसान, जनजातीय और अनुसूचित जाति सहित विभिन्न समुदाय को योजनाओं से परिचित करा कर अधिकतम लोगों तक हितलाभ पहुंचाने में प्रभावी कार्य कर रहा है। योजनाओं को समुदाय से जोड़ कर जनसंपर्क ने विकास को ऊंचाई दी है।

राष्ट्र और समाज से जुड़े मुद्दों पर किये जा रहे हैं कार्य

श्री पटेल ने कहा कि पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने सतत् रूप से राष्ट्र और समाज से जुड़े मुद्दों पर कार्य किया है। सोसाइटी देश में राष्ट्रीय एकात्म और विचारों की सौहार्दता को प्रोत्साहित करने के लिए 'एक राष्ट्र-एक संकल्प-एक स्वर' की भावना को सशक्त करने के संकल्प को लिए हुए है। भारत को एकजुट करने और राष्ट्रीय भावनाओं को जगाने के प्रयास भी इस अभियान में शामिल हैं।

राज्यपाल ने कॉन्क्लेव के विषय 'आत्मनिर्भर भारत : जनसंपर्क की भूमिका' की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत दुनिया के युवा देशों में से एक है। केंद्र सरकार ने युवा शक्ति को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर देकर, प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा आने वाला कल हमारे कर्मठ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का है। उन्होंने आशा की कि शासन के प्रयासों के साथ पीआरएसआई के संकल्प का समन्वय भारत को एक नई पहचान दिलाने में कामयाब होगा।

तेजी से बदल रहे हैं जनसंपर्क के माध्यम

श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में जनसंपर्क के माध्यम तेज़ी से बदल रहे हैं। जनसंपर्क बुद्धिजीवियों को इस विषय में भी कार्य करना आवश्यक है, जिससे जन-कल्याणकारी कार्यों में जनसंपर्क का प्रभावी उपयोग किया जा सके। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया, जनसंपर्क और लोक संचार की शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में विश्वविद्यालय और संस्थानों का मार्गदर्शन करें। राज्यपाल ने जनसंपर्क के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार प्रदान किए और पुरस्कृत व्यक्तियों को बधाई दी। समारोह में सांसद श्री उदयप्रताप सिंह ने जनसंपर्क की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जनसंपर्क से प्रजातंत्र मज़बूत होता है। कॉन्क्लेव की वरिष्ठ पत्रकार श्री गिरिजा शंकर, पीआरएसआई चेयरमैन डॉ. अजीत पाठक और श्री दिलीप चेरियन ने भी संबोधित किया।

मध्यप्रदेश में जल्द शुरू होगा आयुष विश्वविद्यालय - आयुष राज्यमंत्री

आयुष के विकास विजन-2047 में विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण सुझाव किये गये शामिल

भोपाल, मध्यप्रदेश में आयुष के समग्र विकास के लिये जल्द ही आयुष विश्वविद्यालय शुरू होगा। इसके लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। ये बातें आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कांवरे ने भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री कांवरे ने महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

श्री कांवरे ने कहा कि वे पिछले दिनों आयुष के विकास विजन-2047 की बैठकों में शामिल हुए थे। बैठक में विशेषज्ञों के महत्वपूर्ण सुझाव आये हैं। इस आधार पर मध्यप्रदेश में प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में आयुष के 1700 संस्थान हैं। इन्हें वर्ष 2047 तक बढ़ा कर 5 हजार तक पहुंचाया जायेगा। राज्यमंत्री श्री कांवरे ने कहा कि प्रदेश में प्रयास किये जा रहे हैं कि आयुष संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी ऐसे हों, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। आयुर्वेद की चर्चा करते हुए श्री कांवरे ने कहा कि कोरोना काल में आयुर्वेद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में नये शोध और उनके प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों का सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने आयुर्वेद को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिये प्रोजेक्ट पर भी ध्यान दिये जाने की बात कही। प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने कहा कि संस्थान में वर्तमान में 600 से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। आयुर्वेद चिकित्सालय 150 विस्तर क्षमता का है। चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन 650 रोगियों का उपचार किया जाता है। उन्होंने संस्थान की विभिन्न फैकल्टी के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर 'नानो' कांवरे भोपाल स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान के रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुये।

मतदाताओं को मिलेगी रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान की सुविधा

भोपाल, मतदाताओं को जल्द ही रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम) से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। हालांकि यह सुविधा उन मतदाताओं को मिलेगी जो शिक्षा, रोज़गार या अन्य कारणवश किसी दूसरी जगह पर चले गए हैं और मतदान के लिए अपने मूल निवास के मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच पाते। भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं को रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है।

भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न हो। चाहे वह देश के किसी भी राज्य, शहर या जिले में रह रहा हो और वह अपने क्षेत्र में मतदान करने न पहुंच पा रहा हो, तो ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरवीएम से मतदान की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने बताया कि शिक्षा, रोज़गार सहित किसी अन्य कारण से मतदाता किसी दूसरे राज्य में चला जाता है और मतदान के दिन वह अपने क्षेत्र में नहीं पहुंच पाता, तो उसे रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।

रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सबसे बड़ी खासियत है कि यह ईवीएम का एडवांस वर्जन है। यह उतना ही सुरक्षित है, जितनी कि ईवीएम। यह एक नॉन नेटवर्किंग सिस्टम है।

एक रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में 72 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची रहेगी। इसमें अलग-अलग विधानसभाओं के मतदाता एक ही आरवीएम मशीन से मतदान कर सकेंगे। मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को अपने बूथ क्रमांक और विधानसभा क्षेत्र का नाम बताना होगा।

देश के किसी राज्य में निवासरत मतदाता को रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान करने के लिए पहले अपने गृह क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन करना होगा। यह आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन किया जा सकेगा। आवेदन प्राप्ति के बाद गृह क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदाता का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही उसे रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

राजनैतिक दलों के सामने रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम) की कार्य-प्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने देश के सभी 8 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और 57 राज्यीय दलों को 16 जनवरी 2023 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आमंत्रित किया है। रिमोट इवीएम कार्य-प्रणाली की जानकारी देने के दौरान आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

(स्रोत : समाधार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्राकृतिक संसाधनों का समझदारी से करना होगा दोहन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन में आयोजित जल आधारित 'सुजलाम' कॉन्क्रेंस को संबोधित करते हुये।

उज्जैन, भारतीय संस्कृति एकात्मतावादी है। विश्व में जब कई सभ्यताएं मिट रही थीं, तब हमारे ऋषि में वेदों की ऋचाएं रची जा रही थीं। वसुधैव कुटुंबकम हमारी धरती से ही उपजा है। सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया के सूत्र वाक्य से हमारे ऋषि-मुनियों ने बताया है कि विश्व में किस तरह से सुख और शान्ति से रहा जा सकता है। हमने प्रकृति का शोषण कर प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ दिया है। समझदारी के साथ संसाधनों का दोहन करना ही इस सृष्टि की रक्षा करेगा। सुजलाम कॉन्क्रेंस में जल तत्व के बारे में जो विचार एवं कार्ययोजना बनेगी, उसी पर राज्य सरकार कार्य करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में जल आधारित 'सुजलाम' कॉन्क्रेंस को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर हमने जल संरक्षण का प्रयास किया है और विगत वर्षों में 4 लाख से अधिक जल संरचनाएं तैयार की गई हैं। प्रदेश की जनअभियान परिषद ने 313 नदियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि पानी का संतुलित उपयोग करें, पानी को बचायें, ऑर्गेनिक खेती करें और पर्यावरण को बचायें। श्री चौहान ने कहा कि धरती को बचाना ही होगा, तभी हमारा अस्तित्व बचेगा। पंचभूतों का संतुलन यदि नहीं रहेगा तो धरती का संतुलन बिगड़ जावेगा।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारे देश में सन्तों ने इस सभ्यता को बचाने के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन दे दिया है। देश में पेड़-पौधों तक की रक्षा के लिये धर्म का बंधन लगाया गया है। जिस देश में जल को जगदीश मानने की परम्परा थी, उस देश में ही आज जल-स्रोत सर्वाधिक प्रदूषित हैं। हमें अब इस पर विचार करना चाहिये कि वर्ष 2050 में हम अपने लोगों को अन्न और जल की उपलब्धता कैसे करवायेंगे। श्री शेखावत ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि पंचभूतों की अवधारणा हमारे देश में विकसित हुई। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे अभियान से मात्र 5 वर्षों में सम्पूर्ण गंगा नदी के पानी को स्नान योग्य बना दिया गया है।

स्वामी कागसिद्धेश्वर महाराज ने कहा कि पंच महाभूत रहेंगे तभी जीव का शरीर सुरक्षित रहेगा। जब तक संतुलन स्थापित नहीं होगा, सृष्टि का कार्य सुचारु रूप से नहीं चलेगा। हम पंच महाभूत को ही भगवान मानते आये हैं। स्वामीजी ने कहा कि अब स्थिति बदल गई है। एक किलो अन्न ग्रहण करने पर 27 मिलीग्राम जहर हमारे शरीर में जा रहा है। अलग-अलग प्रकार से मिट्टी प्रदूषित हो रही है। पानी में भी अत्यधिक प्रदूषण फैल गया है। उन्होंने कहा कि पहले मिट्टी की पूजा की जाती थी, जल की पूजा की जाती थी, जल को कुंभ में रखकर अभिषेक किया जाता था। वर्तमान में मनुष्य जैसे-जैसे बुद्धिमान हुआ, वैसे-वैसे संसाधनों का दुरुपयोग शुरू हुआ और हमारे संसाधन दूषित होते गये।

पूर्व सरसंघ संचालक श्री भैय्याजी जोशी ने कहा कि पंच महाभूत का उपयोग दुनिया के अन्य देश में नहीं किया जाता। हमारे यहाँ के महापुरुषों, सन्तों ने इस शब्द का उपयोग शक्ति के रूप में किया है। हमारा शरीर 5 तत्वों से मिल कर बना है। पंच महाभूत वैश्विक हैं। भारतीय चिन्तन की विशेषता रही है कि सृष्टि, वन, जड़, चेतन का निर्माण पंच महाभूतों से ही हुआ है। हमें पंच महाभूतों के असंतुलन पर विचार क्यों करना पड़ रहा है, यह सोचनीय है। भारत को पुण्य-भूमि और देव-भूमि कहा गया है। क्या हम इस गौरव को बनाये रख पायेंगे। भारत की भूमि को सुरक्षित करने का निर्णय भी ईश्वर ने ही लिया है। इसके तीन ओर समुद्र और ऊपर की ओर हिमालय इसकी रक्षा कर रहे हैं। एक समय था जब भारत बंजर भूमि हो चुका था। पीने और कृषि के लिये पानी नहीं था, उस समय भागीरथ ने गंगा लाकर इस धरती का कल्याण किया था।

गरीबों की जिंदगी बदलने की योजना है मुख्यमंत्री आवासीय भू- अधिकार योजना

भोपाल, टीकमगढ़ जिले में 4 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना अंतर्गत भूमि स्वामी अधिकार-पत्र प्रदाय के लिए कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन टीकमगढ़ कार्यक्रम की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करें। आवासीय भू-अधिकार योजना का यह प्रदेश का पहला कार्यक्रम है, जिसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के टीकमगढ़ में होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये कहीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी दिन भू-अधिकार स्वामी-पत्र प्रदाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस कार्यक्रम के माध्यम से 50 हजार भू-अधिकार पत्र प्रदाय करने की तैयारी की जाए। टीकमगढ़ जिले में 10 हजार से अधिक हितग्राहियों को 194 करोड़ रुपये के भू-अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे। टीकमगढ़ जिले का कार्यक्रम बगाज माता मंदिर ग्राम सुंदरपुर में होगा। उन्होंने कार्यक्रम का अभी से बेहतर प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।

श्री चौहान ने कहा कि इसी दिन टीकमगढ़ जिले की बान सुजारा समूह जल प्रदाय योजना शुरू होगी। इस योजना से जिले के 201 गांवों के लोगों को लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में सभी 201 गांव के लोग कलश लेकर आएं।

कलेक्टर टीकमगढ़ ने कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले की हर तहसील से हितग्राही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना छत के नहीं रहने देंगे

उज्जैन, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन मक्सी रोड स्थित कानीपुरा में नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक (भागीदारी में किफायती आवास) के मल्टी में निर्मित 152 ईडब्ल्यूएस आवासीय इकाइयों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने फीता काट कर हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया और प्रतीक स्वरूप 3 हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी। नवनिर्मित तीन मल्टी में 152 आवास बनाये गये हैं। इनमें से 146 आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान मंगल गीत गाये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि हमारे भाई-बहनों को रहने के लिये आवास की सौगात मिली है। हमारी सरकार का यह संकल्प है कि मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना छत के नहीं रहने देंगे। मल्टी में बनाये गये सुन्दर आवासों पर हितग्राहियों का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में 40 एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे से छुड़ाई गई है। इस जमीन पर गरीब आवासहीनों के लिये घर बनाये जायेंगे। असामाजिक तत्वों और भू-माफियाओं, गुंडे-बदमाशों को छोड़ा नहीं जायेगा। उनके घर पर बुलडोजर चलाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीलगंगा स्थित कबेलू कारखाने की जमीन पर भी शीघ्र गरीबों के लिये आवास बना कर दिये जायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि गरीबों का भी यह सपना होता है कि उनका भी बड़ा न सही एक छोटा-सा घर हो। राज्य सरकार गरीबों के इस सपने को पूरा करने के लिये संकल्पबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में भू-खण्ड और शहरी क्षेत्रों में मल्टी में पात्र हितग्राहियों को आवास बना कर दिये जायेंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, इलाज का खर्च, गरीबों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये फीस सरकार मुहैया करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार को 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जा रहा है।

आवास बनाने के लिए 518 हितग्राहियों को पांच करोड़ 18 लाख रुपये आवंटित

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 518 हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए 5 करोड़ 18 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। इनमें से 341 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त और 177 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी कर दी गयी है। श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि आवासों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

घेंघा और सिकल सेल की रोकथाम में सहायक है फोर्टिफाइड चावल

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया कि कुपोषण की रोकथाम के लिए प्रदेश में सभी राशन दुकानों पर पोषणयुक्त फोर्टिफाइड चावल वितरित किया जाएगा। अभी तक फोर्टिफाइड चावल कुछ चिन्हित जिलों में ही वितरित किया जा रहा था। प्रदेश में राशन की दुकानों पर केंद्र सरकार के निर्देशानुसार फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा फोर्टिफाइड चावल के संबंध में मिलावटी होने का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि फोर्टिफाइड चावल आयरनयुक्त है। इसके उपयोग से सिकल सेल एनीमिया और घेंघा जैसे घातक जानलेवा रोगों की रोकथाम की जा सकती है।

प्रमुख सचिव खाद्य श्री उमाकांत उमराव ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल पूरी तरह से सुरक्षित है। इसमें पोषक तत्वों के अलावा कुछ भी अलग से नहीं है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले सभी पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकानों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। यह चावल पोषक तत्वों से युक्त एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

कैसे बनता है फोर्टिफाइड चावल

प्रमुख सचिव ने बताया कि चावल बनाने सामान्य चावल को पीस कर उसमें आयरन मिला कर फोर्टिफाइड चावल बनाया जाता है। एक क्विंटल चावल में एक किलो फोर्टिफाइड चावल मिलाया जाता है। इसलिए इसमें किसी अन्य प्रकार का चावल मिलाने जैसी कोई गुंजाइश ही नहीं रहती। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल से नुकसान नहीं, बल्कि अनेक फायदे हैं। आयरन खून की कमी को रोकता है, जिससे एनीमिया से बचा जा सकता है। विटामिन बी-12 तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज में सहायक होता है। फोलिक एसिड गर्भावस्था के दौरान भ्रूण विकास एवं रक्त निर्माण में सहयोग करता है। फोर्टिफाइड चावल सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार राशन की दुकान पर वितरित किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल भी सामान्य चावल की तरह संग्रहीत किया जा सकता है एवं पकाया जा सकता है।

पेसा अधिनियम से जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदल जाएगी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पेसा अधिनियम के संबंध में आयोजित युवा परिसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, पेसा अधिनियम को जमीन पर उतारकर जनजातीय वर्ग की जिंदगी बदलने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। प्रदेश में जल, जंगल, जमीन के लिए लोगों को अधिकार देने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर प्रदेश में लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम लागू कर लोगों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित युवा परिसंवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने पेसा अधिनियम के विषय में सरल भाषा और विस्तार से युवाओं को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने के लिए युवाओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर ग्राम सभा का अधिकार होगा। उन्होंने कहा कि गांव का पैसा गांव में रहे इसके लिए ग्राम सभा को सशक्त बनाया गया है। ग्राम सभा साल भर के कार्यों की योजना बनाएगी। ग्राम सभा ही लोगों को रोज़गार उपलब्ध करायेगी। गांव में अगर कोई बाहर से आता है तो उसकी जानकारी भी ग्राम सभा को देना होगी। अधिसूचित गांव में नई शराब और भांग की दुकान खोलने का अधिकार भी ग्राम सभा को होगा। सार्वजनिक स्थानों पर भी ग्राम सभा प्रतिबंध लगा सकती है। गांव में शांति और विवाद निवारण समिति बनेगी। छोटे-मोटे झगड़ों, विवादों के लिए थाने जाने की जरूरत नहीं होगी। पेसा अधिनियम में ऐसे कई प्रावधान हैं। पेसा अधिनियम सामाजिक क्रांति है।

श्री चौहान ने कहा कि युवा गांव-गांव जाएं और लोगों को पेसा अधिनियम के बारे में समझाएं। मुझे इसके लिए आप जैसे नौजवानों की जरूरत है। मामा आपके साथ खड़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीरतापूर्वक सहयोग करें। सामाजिक क्रांति लाकर हम आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

(स्रोत : समाधार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के

सभी परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने परीक्षा संचालन में पारदर्शिता के लिए परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर वीक्षण/पर्यवेक्षण कार्य में संलग्न शिक्षकों की ड्यूटी निरंतर परिवर्तित की जाए।

डॉ. यादव ने कहा कि संभाग, जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर स्थित महाविद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों की वीक्षकीय कार्य के लिए ड्यूटी एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में लगाई जाए। एक वर्ष यदि किसी शिक्षक की ड्यूटी किसी महाविद्यालय में लगाई जाती है तो आगामी वर्ष उसी महाविद्यालय में उनकी ड्यूटी पुनः न लगाई जाकर अन्य महाविद्यालय में लगाई जाना सुनिश्चित हो। अनुदान प्राप्त महाविद्यालय में स्थापित परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक का कार्य शासकीय महाविद्यालय के शिक्षकों से ही कराया जाए। वीक्षकों की कमी होने पर शोधार्थियों से भी वीक्षकीय कार्य लिया जाए।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित कार्यपालक अधिकारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की जाए तथा जिला स्तर पर पर्याप्त संख्या में उड़नदस्तों का भी गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर नकल से संबंधित प्रकरणों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए।

प्रदेशवासियों को विकास के सभी अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास जारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आगर-मालवा जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, प्रदेशवासियों को बेहतर जीवन देने और विकास के सभी अवसर उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास जारी हैं। सुशासन का अर्थ जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों का बिना लिए-दिए, समय-सीमा में गुणवत्ता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। नशे का कारोबार करने वालों और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कठोर कार्यवाही की जाए। नशे से युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वालों को छोड़ा नहीं जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आगर-मालवा जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास गतिविधियों और कानून व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा करते हुये कहीं।

कोविड से घबराने की नहीं सावधान रहने की है जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के पुनः उभार की आशंका से लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी जरूरी है। इसलिये मास्क लगाने, वूस्टर डोज लगवाने और अन्य सतर्कता बनाए रखते हुए कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाएं। श्री चौहान ने अस्पतालों में मॉक ड्रिल को पूरी गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। जिले में 'एक जिला-एक उत्पाद योजना' में चिन्हित संतरे की प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए विशेष पहल की जाये।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) तथा आवास प्लस ग्रामीण में लक्ष्य के विरुद्ध उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिलाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 59 प्रतिशत प्रगति पर चिंता जताई। आवास की किश्त मिलने के बाद भी आवास निर्माण के कार्य आरंभ नहीं होने पर पूछताछ की गई।

श्री चौहान ने जल जीवन मिशन में सुसनेर नगर में पाइप लाइन की गुणवत्ता की शिकायत दूर करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अवधारणा के अनुरूप अमृत सरोवर विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर को राशन वितरण में चावल की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की जांच करने के लिये कहा गया। मुख्यमंत्री ने आगर में इन्डोर स्टेडियम के निर्माण की प्रगति, उज्जैन-झालावाड़ हाईवे तथा उज्जैन-कोटा सड़क मार्ग को चौड़ा करने के कार्यों की जानकारी भी ली गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई उल्लेखनीय प्रगति

बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में स्वीकृत 18 हजार 8 आवासों में से 94 प्रतिशत पूर्ण हो गए हैं। आवास प्लस ग्रामीण में स्वीकृत 13 हजार 87 में से 5 हजार 328 आवास पूर्ण हुए हैं। जल जीवन मिशन में 50 हजार से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में प्राप्त 93 हजार आवेदनों के स्वीकृति-पत्र वितरण का कार्य प्रक्रिया में है। जिले में स्वीकृत 96 अमृत सरोवर में से 50 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष मार्च तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थाओं के समयबद्ध संचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, विधायक श्री राणा विक्रम सिंह, प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई तथा अन्य अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। कलेक्टर सहित जिलाधिकारी बैठक में जिला मुख्यालय से वर्चुअली जुड़े।

मध्यप्रदेश में 19 नगरीय निकायों में 20 जनवरी को होगा मतदान

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 19 नगरीय निकायों के निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। मतदान 20 जनवरी को सुबह 7 से अपराह्न 5 बजे तक ईवीएम से होगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री वर्सत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र लेने का कार्य 30 दिसंबर, 2022 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 6 जनवरी, 2023 तक (अपराह्न 3 बजे तक) लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच 7 जनवरी को की जाएगी। अभ्यार्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 9 जनवरी, 2023 है। इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 20 जनवरी को होगा। मतगणना तथा निर्वाचन परिणामों को घोषणा 23 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने बताया है कि गुना जिले की नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर, बड़वानी जिले की बड़वानी, सेंधवा और धार जिले की धार, मनावर एवं पीथमपुर में निर्वाचन होगा। इसी तरह अनूपपुर जिले की नगर परिषद जैतहरी, खण्डवा जिले की ओंकारेश्वर, बड़वानी जिले की खेतिया, पानसेमल, पलसूद, राजपुर, अंजड़ और धार जिले नगर परिषद धरमपुरी, धामनोद, कुक्षी, राजगढ़, सरदारपुर और डही में भी निर्वाचन होगा। इन नगरीय निकायों में 343 वार्ड और 720 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 5 लाख 7 हजार 308 हैं। इनमें से पुरुष मतदाता 2 लाख 60 हजार 301, महिला मतदाता 2 लाख 46 हजार 969 और 38 अन्य मतदाता हैं।

डोबी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना

चौबीस गांवों की 20 हजार एकड़ भूमि होगी सिंचित - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर के ग्राम डोबी में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुये।

सीहोर, मध्यप्रदेश में विकास की गति को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। किसानों के हित में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिये पानी की व्यवस्था की जा रही है। सीहोर जिले के ग्राम डोबी में 106 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत वाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन किया गया है। परियोजना को शीघ्र पूरा किया जायेगा। इससे 24 गांवों की 20 हजार एकड़ कृषि भूमि सिंचित होगी। परियोजना से 4 हजार किसान लाभान्वित होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम डोबी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्वहन सिंचाई परियोजना से ग्रामीणों के खेतों में पानी पहुंचेगा, जिससे किसान को अच्छी फसल के साथ अच्छी आय भी होगी। किसानों के हित में राज्य सरकार अनेक योजनाएं भी संचालित कर रही है। किसानों की उन्नति और विकास के लिये हम संकल्पबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों और किसानों की मांग को सहज स्वीकारते हुए मंच से परियोजना में अन्य ग्रामों को जोड़ने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके लिये 50 करोड़ रुपये पृथक से स्वीकृत किये जायेंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाकर फसलों की पैदावार बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस परियोजना से अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा।

श्री चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर उनका स्मरण करते हुये कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति और सार्वजनिक जीवन में एक ऐसे महापुरुष थे, जिनका कोई आलोचक नहीं था। श्रद्धेय अटल जी का जीवन राष्ट्र-निर्माण और सेवा के लिए समर्पित था। वे सदैव कहा करते थे कि जो राष्ट्र और समाज के काम आये, वही जीवन सार्थक है। उनके जीवन का हर क्षण लोक कल्याण के लिये समर्पित रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपने गांव, माता-पिता, देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। इसके लिए हर गरीब परिवार के प्रतिभावान बच्चों को उनकी रुचि अनुसार किसी भी शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने से वंचित नहीं रखा जाएगा। उनके मेडिकल, आईआईटी तथा आईआईएम जैसे संस्थानों में एडमिशन होने पर पूरी फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। इसमें सभी वर्ग के बच्चे एक साथ शिक्षा ले सकेंगे। ये स्कूल बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को निखारने और उनके भविष्य-निर्माण में बेहतर साबित होंगे। सीहोर जिले में भी 9 सीएम राइज स्कूलों की स्थापना की गई है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बच्चों के लिए सरकारी नौकरी की एक लाख भर्तियां निकाली जा रही हैं। सभी बच्चे खूब मन लगा कर पढ़ाई करें और कठिन परिश्रम कर अव्वल आएं।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- राज-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों
पर उपलब्ध

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

तुर्की ने

सुपरसोनिक मिसाइल का किया परीक्षण

तुर्की के मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहन बेराकटार अकिंची ने देश की पहली सुपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। बोर्ड के अध्यक्ष और तुर्की प्रौद्योगिकी कंपनी वायकर के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सेल्कुक बेराकटार ने यह जानकारी दी। सेल्कुक बेराकटार ने ट्वीट कर कहा बुल्स आई से 100 किलोमीटर (62 मील), बेराकटार एकिनसी ने रोकेटसन द्वारा विकसित तुर्की की पहली सुपरसोनिक मिसाइल टीआरजी-230 आईएएए को दागा। जुलाई में, बेराकटार अकिंची हमले वाले ड्रोन ने नई लेजर-निर्देशित मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। एलजीके-82 मिसाइल को तुर्की की राष्ट्रीय रक्षा फर्म एसेल्सन द्वारा विकसित किया गया है।

डॉक्टर ऋषि राजपोपत

पाणिनी के 2500 साल पुराने संस्कृत नियम को डीकोड किया

संस्कृत विद्वान पाणिनी ने ढाई हजार साल पहले अष्टाध्यायी की रचना की थी जिसके नियमों में विरोधाभास था, जिसकी व्याख्या की जाती रही है। अब इस व्याख्या को खारिज कर कैंब्रिज के 27 वर्षीय भारतीय छात्र डॉक्टर ऋषि राजपोपत ने नया हल दिया है। 4 हजार सूत्रों वाला अष्टाध्यायी संस्कृत के पीछे के विज्ञान की व्याख्या करता है। मेटारूल के विरोधाभाषी व्याख्या का सरल हल निकाल कर डॉक्टर ऋषि ने व्याकरण को नयी दृष्टि दी है।

इनसाइट लैंडर मिशन

मंगल ग्रह की सतह पर खत्म हुआ सफर

नासा की ओर से मंगल पर अध्ययन के लिए भेजे गए इनसाइट लैंडर मिशन का सफर चार साल बाद अंततः समाप्त हो गया। इसकी घोषणा करते हुए नासा ने कहा कि इसकी पावर दिन प्रति दिन क्षीण हो रही थी जिससे तय हो गया था कि लैंडर अपने मिशन समाप्ति की ओर बढ़ चला है। नासा ने कहा कि हमारे इंजीनियर लैंडर से आने वाले सिग्नल पर नजर रखेंगे। बता दें कि लैंडर ने 15 दिसंबर को आखिरी बार सिग्नल भेजे थे।

ब्रिटेन में

दंपती ने साइकिल पर किया 21 देशों का सफर

ब्रिटेन में रहने वाले एक दंपती ने साइकिल पर 180 दिनों में 21 देश घूमकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। पति स्टीव मैसी और पत्नी लॉरा मैसी ने जर्मनी के बर्लिन से अपनी यह यात्रा शुरू की थी। उन्होंने करीब 18 हजार मील का सफर तय किया है। लॉरा कहती हैं कि पहले तो मैंने और मेरे पति ने यह देखा कि ऐसा कोई रिकॉर्ड किसी दंपती के नाम है या नहीं। पता चला कि वह ही पहले ऐसे दंपती होंगे, जो यह रिकॉर्ड बनायेंगे।



डेनियल स्लूजी

ब्राजील के शख्स ने अब तक 11 फुटबॉल विश्वकप देखे

ब्राजील के डेनियल स्लूजी विश्व के इकलौते शख्स हैं, जिन्होंने फुटबॉल विश्वकप के 11 टूर्नामेंट देखे हैं। डेनियल ने 1978 में पहली बार अर्जेंटीना में विश्वकप देखा था, अब उन्होंने कतर में विश्वकप देखा है। डेनियल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। डेनियल ने कहा कि टूर्नामेंट ऐसा मौका है जब विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव होता है।

ऑस्कर

पहली बार भारत की चार प्रविष्टियां शॉर्ट लिस्ट हुईं

भारत की चार प्रविष्टियों को पहली बार ऑस्कर की दौड़ में शामिल किया गया है। इनमें सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए 'छेल्लो शो' संगीत श्रेणियों में 'आरआरआर' से 'नाटु नाटु' को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (ऑस्कर) के अनुसार डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म श्रेणी में 'ऑल दैट ब्रीथ्स' और डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म श्रेणी में 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को शॉर्ट लिस्ट किया गया है।

सरगम कौशल

मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीता

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्यूटी क्वीन सरगम कौशल ने 21 वर्ष बाद भारत को मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीत कर दिलवाया। लॉस वेगास में हुई प्रतियोगिता में सरगम ने 63 देशों के प्रतियोगियों को पीछे छोड़ दिया। मिसेज इंडिया पेर्फेक्ट के प्रबंध संगठन ने इंस्टाग्राम पर खबर शेयर करते हुए लिखा कि 21 साल बाद ताज इंडिया वापस आया। सरगम जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं। वे खिताब जीतकर बहुत खुश हैं।

यूरोपीय संघ के देशों ने

बोस्निया और हर्जेगोविना को दिया उम्मीदवार का दर्जा

ईयू के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से बोस्निया और हर्जेगोविना को उम्मीदवार देश का दर्जा देते हुए यूरोपीय आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा कि यह कदम लोगों को मजबूत संकेत देता है। ज्ञात रहे कि बीआईएच ने फरवरी 2016 में ईयू के लिए आवेदन किया था। इसके बाद यूरोपीय आयोग ने अक्टूबर 2022 में बीआईएच को देश कानून के शासन को मजबूत करने कदम उठाये गए।

पेरु

पूर्व राष्ट्रपति को 18 माह की जेल

पेरु की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेज दिया है। उन पर देश में विद्रोह भड़काने और साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। पेरु की समाचार एजेंसी एंडिना ने जानकारी देते हुए कहा कि मुकदमों के दौरान पैड्रो को हिरासत में रखने और सजा के आदेश से ही देशभर में हिंसा का माहौल बन गया था, विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इसके कारण 30 दिन के आपतकाल की घोषणा कर दी गई थी।

डायनासोर का सिर

50 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ

'न्यूयॉर्क लक्जरी वीक' में एक डायनासोर के सिर को 50.22 करोड़ रुपये में नीलाम किया गया। इस डायनासोर का नाम 'मैक्सिमस' है। यह डायनासोर की सबसे पुरानी प्रजाति में से एक टायरानोसॉरस रेक्स का सिर है। इससे पहले 'टीरेक्स' नामक डायनासोर का सिर लगभग 3 करोड़ डॉलर में नीलाम हुआ था। लंदन के नेचुरल हिस्टोरियन संग्रहालय के वरिष्ठ डायनासोर विशेषज्ञ प्रोफेसर पॉल बैरेट के अनुसार इन्हें खरीदने वाले विशेषज्ञ संग्राहक होते हैं।

सिरिल रामाफोसा

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ पार्टी के अध्यक्ष बने

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को दूसरी बार देश की सत्तारुढ़ अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) का प्रमुख चुन लिया गया है। रामाफोसा जोहान्सबर्ग में शुरू हुए एएनसी के 55वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान अगले पांच वर्ष के लिए 2476 वोटों से चुने गए। यह सम्मेलन पांच वर्ष में एक बार होता है। इसमें 4500 प्रतिनिधियों ने इस वर्ष भाग लिया।

केविन रूड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री अमेरिका में राजदूत नियुक्त

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रूड को अमेरिका में देश का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने रूड को अमेरिका में देश के 23वें राजदूत के रूप में नियुक्त किया। रूड 2007 और 2010 के बीच और फिर 2013 में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद पर रहे हैं। इस नियुक्ति के संबंध में बयान जारी करते हुए कहा कि वे इससे सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

पनडुब्बी वागीर

भारतीय नौसेना में शामिल

प्रोजेक्ट - 75 की पांचवी कलवरी क्लास पनडुब्बी वार्ड

11879 'वागीर' इंडियन नेवी को सौंप दी गई है। प्रोजेक्ट-75 के तहत स्कॉर्पीन डिजाइन की कुल छह स्वदेशी पनडुब्बियां बनाई जाना है। इन पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई में किया जा रहा है। मैसर्स नेवल ग्रुप, फ्रांस इसमें सहयोग कर रहा है।

चिल्लई कलां

कश्मीर में सबसे भयंकर सर्दी का दौर शुरू

पहलगाम सहित कई स्थानों पर पारा फ्रीजिंग पॉइंट के नीचे चले जाने के साथ ही कश्मीर घाटी में सबसे भयंकर सर्दी का दौर चिल्लई कलां 40 दिन के लिए शुरू हो गया है। पहलगाम में रात का तापमान शून्य के नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक चला गया। कई स्थानों पर सर्द रातों में नलों में पानी तक जम गया। डल झील सहित सभी जलाशयों का पानी बर्फ बन गया है। श्री नगर में पारा 4.2 डिग्री से भी नीचे चला गया।

नताल्या अंत्युख से

डोपिंग के कारण ओलिंपिक स्वर्ण पदक छीना जाएगा

रूस की 400 मीटर बाधा दौड़ की धाविका नताल्या अंत्युख डोपिंग के कारण 2012 लंदन ओलिंपिक खेलों का स्वर्ण पदक गवां देंगी। डोपिंग के कारण नताल्या से स्वर्ण पदक छीने जाने के बाद अमेरिका की लारिंडा

डेमुस को रेस का चैंपियन घोषित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि नताल्या ने दो महीने पहले ट्रैक एंड फील्ड में डोपिंग के मामलों को देखने वाली एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के द्वारा तय की सजा के खिलाफ कोई अपील नहीं की है। इससे जुलाई 2012 से 2013 के बीच के उनके नतीजों को हटाना भी शामिल है।

बेथ मीड

बीबीसी पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं

इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की स्टार खिलाड़ी बेथ मीड को बीबीसी पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर 2022 चुना गया है। बेथ यह अवॉर्ड जीतने वाली अब तक की पहली महिला खिलाड़ी हैं। आर्सेनल के लिए खेलने वाली 27 वर्षीय फॉरवर्ड बेथ इस साल खेले गए यूरो कप में टॉप स्कोरर और प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट रही थीं। बेथ ने अवॉर्ड की होड़ में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और स्कॉटलैंड की विंटर ऑलिंपिक कर्लर चैंपियन ईवे मुइरहीड को पीछे छोड़ा।

दक्षिण कोरिया के

पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग-बाक को मिलेगी माफी

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल की सरकार ने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति ली म्युंग-बाक को विशेष माफी देगी। म्युंग-बाक को भ्रष्टाचार के कई मामलों में 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। न्याय मंत्रालय ने कहा, ली उन 1,373 दोषियों में शामिल हैं। ली जैसे कुछ राजनेताओं को राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के चलते इस सूची में शामिल करने का फैसला किया गया। ली (81) को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण जून में अस्थायी रूप से जेल से रिहा किया गया था। उनको 2008 से 2013 के बीच उनके राष्ट्रपति पद पर कार्यकाल के दौरान और उससे पहले सैमसंग सहित कई बड़ी कंपनियों से रिश्वत लेने, उनसे मिले धन का गवन करने और भ्रष्टाचार से संबंधित अन्य अपराधों का दोषी ठहराया गया है।

स्मृति शेष

दक्षिण भारतीय अभिनेता कैकला सत्यनारायण का निधन

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता कैकला सत्यनारायण का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। सत्यनारायण का जन्म कौथावरम, कृष्णा जिला, आंध्रप्रदेश में हुआ था, उन्होंने विजयवाड़ा और गुडीवाड़ा में पढ़ाई की। श्री कैकला ने 1959 में फिल्म सिपाई कुटुरु से फिल्म जगत में प्रवेश किया और छह दशकों के अपने कैरियर में 770 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने सीनियर एनटीआर के साथ भी काम किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तेलुगु अभिनेता कैकला सत्यनारायण के निधन पर गहरा शोक जताया।

नहीं रहे तेलुगु फिल्म एक्टर चलपति राव

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर चलपति राव का 78 साल की उम्र में निधन हो गया है। चलपति ने अपने कैरियर में 600 से अधिक फिल्मों में काम किया है। राव को तेलुगु सिनेमा में हास्य और खलनायक की भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। उनके पुत्र रवि बाबू भी टॉलीवुड में अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. ऋग्वैदिक कालीन शब्द 'सीर' किसे उल्लेखित करता है?
(अ) हल (ब) तीर
(स) वेल (द) लोहा
उत्तर- (अ) हल।

2. महात्मा बुद्ध ने अपने सर्वाधिक उपदेश किस स्थान पर दिए हैं?
(अ) बोधगया (ब) श्रावस्ती
(स) कुशीनगर (द) सारनाथ
उत्तर- (ब) श्रावस्ती।

3. भूमिदान का अभिलेखीय साक्ष्य सर्वप्रथम किस काल में मिलता है?
(अ) शक (ब) गुप्त
(स) सातवाहन (द) कृषाण
उत्तर- (स) सातवाहन।

4. निम्नलिखित में से किस सिख गुरु द्वारा 'पाहुल प्रणाली' की शुरुआत की गई थी?
(अ) अमरदास
(ब) गुरु गोविन्द सिंह
(स) अर्जुन देव
(द) रामादास
उत्तर- (ब) गुरु गोविन्द सिंह।

5. सातवाहन कालीन किस शासक के सिक्कों पर जलपोत का चित्र उत्कीर्ण है?
(अ) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(ब) यज्ञश्री शातकर्णी
(स) सिमुक
(द) हाल
उत्तर- (ब) यज्ञश्री शातकर्णी।

6. व्याघ्रशैली के सिक्के किस शासक द्वारा जारी किए गए थे?
(अ) चन्द्रगुप्त - II
(ब) कृष्णराय
(स) चन्द्रगुप्त
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) चन्द्रगुप्त - II

7. श्रीरंगपट्टनम की संधि के समय कौन भारत के गवर्नर जनरल थे?
(अ) लार्ड कार्नवालिस
(ब) डलहौजी
(स) लार्ड मेयो
(द) लॉर्ड इरविन
उत्तर- (अ) लार्ड कार्नवालिस।

8. निम्नलिखित में से कौन भारत आने वाले केबिनेट मिशन के सदस्य नहीं थे?
(अ) स्टेफोर्ड क्रिप्स
(ब) पैथिक लारेन्स
(स) ए.वी. एलेक्जेंडर
(द) क्लीमेंट एटली
उत्तर- (द) क्लीमेंट एटली।

9. भारत का प्रथम परमाणु रिएक्टर कौन सा था?
(अ) तारापुर (ब) अप्सरा
(स) कुडनकुलम (द) काकरापार
उत्तर- (ब) अप्सरा।

10. जुल्स रिमेट कप किस खेल से संबंधित है?
(अ) टेनिस (ब) फुटबॉल
(स) बैडमिंटन (द) हॉकी
उत्तर- (ब) फुटबॉल।

11. NATO संगठन की स्थापना कब हुई थी?
(अ) 1945 (ब) 1942
(स) 1949 (द) 1952
उत्तर- (स) 1949।

12. FAO संगठन का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
(अ) रोम (ब) जेनेवा
(स) ढाका (द) न्यूयॉर्क
उत्तर- (अ) रोम।
[Food And Agriculture Organization]

13. संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रथम भारतीय महिला सभापति कौन थीं?
(अ) सरोजनी नायडु
(ब) विजयालक्ष्मी पंडित
(स) उषा मेहता
(द) लीलावती सेठ
उत्तर- (ब) विजयालक्ष्मी पंडित।

14. भारत के पोखरण में सम्पन्न आण्विक भूमिगत परीक्षण किस वर्ष सम्पन्न हुआ था?
(अ) 1974 (ब) 1970
(स) 1965 (द) 1980
उत्तर- (अ) 1974।

15. निम्नलिखित में से किस राज्य में नर्मदा नदी का प्रवाह क्षेत्र नहीं है?
(अ) गुजरात (ब) मध्यप्रदेश
(स) महाराष्ट्र (द) उत्तरप्रदेश
उत्तर- (द) उत्तरप्रदेश।

16. शारदा वैराज परियोजना निम्न में से किन दो देशों के मध्य है?
(अ) भारत-भूटान
(ब) भारत-बांग्लादेश
(स) बांग्लादेश-पाक
(द) भारत-नेपाल
उत्तर- (द) भारत-नेपाल।

17. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
(अ) गोविन्द सागर - सतलज नदी
(ब) गोविन्द वल्लभ सागर - रिहन्द नदी
(स) गांधी सागर - चम्बल नदी
(द) राणा प्रताप सागर - नर्मदा नदी
उत्तर- (द) राणा प्रताप सागर - नर्मदा नदी।

18. प्रकाश के 'फोटॉन सिद्धांत' का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया था?
(अ) आइंस्टीन (ब) न्यूटन
(स) चेडविक (द) नील बोर
उत्तर- (अ) आइंस्टीन।

19. निम्नलिखित में से कौन सा विद्युत धारिता का मात्रक है?
(अ) ओम (ब) वोल्ट
(स) फैराडे (द) ल्यूमेन
उत्तर- (स) फैराडे।

20. देश का पहला आपदा प्रबंधन संस्थान कहां पर स्थापित किया गया है?
(अ) लातूर (ब) कोयम्बटूर
(स) बेंगलुरु (द) चेन्नई
उत्तर- (अ) लातूर।

21. 'साइलोमिलेन' नामक अयस्क किस खनिज का अयस्क है?
(अ) तांबा
(ब) एल्यूमिनियम
(स) मैंगनीज
(द) टंगस्टन
उत्तर- (स) मैंगनीज।

22. भारत का अनन्य आर्थिक क्षेत्र विस्तारित है?
(अ) लगभग 2.02 मिलियन वर्ग कि.मी.
(ब) लगभग 200 मिलियन वर्ग कि.मी.
(स) लगभग 20 मिलियन वर्ग कि.मी.
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) लगभग 2.02 मिलियन वर्ग कि.मी.।

23. निम्न में से किस द्वीप को 'मरकत द्वीप' कहा जाता है?
(अ) लक्ष्यद्वीप
(ब) अण्डमान निकोबार
(स) आइसलैंड
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) अण्डमान निकोबार।

24. निम्नलिखित में से पन्ना की हीरे की खाने किस क्रम की शैलों से निर्मित है?
(अ) विंध्यन क्रम
(ब) दर्शयरी क्रम
(स) गोण्डवाना
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) विंध्यन क्रम।

25. मध्यभारत में झीलकृत एवं ज्वारनदमुख कृत शिलाएं क्या कहलाती हैं?
(अ) बाघपात्र (ब) लमेटा पात्र
(स) वांगडपात्र (द) खादर पात्र
उत्तर- (ब) लमेटा पात्र।

26. निचले गंगा मैदान में स्वर्ण रेखा नदी का तटीय विस्तार क्या कहलाता है?
(अ) उत्कल तट
(ब) मालाबार तट
(स) कॉकण तट
(द) चेन्नई तट
उत्तर- (अ) उत्कल तट।

27. गारो, खासी जयंतिया पहाड़ियां किस पहाड़ पर अवस्थित हैं?
(अ) नागपुर
(ब) विंध्याचल
(स) मेघालय के पठार
(द) सतपुड़ा
उत्तर- (स) मेघालय के पठार।

28. भारत का औसत समुद्री तल किस स्थान से नापा जाता है?
(अ) चेन्नई तट
(ब) लक्षद्वीप
(स) अंडमान द्वीप
(द) कॉकण तट
उत्तर- (अ) चेन्नई तट।

29. 'बोमन समपुट' नामक संरचना मानव शरीर के किस अंग में पाई जाती है?
(अ) लीवर (ब) किडनी
(स) खोपड़ी (द) आंख
उत्तर- (ब) किडनी (नेफ्रॉन में)।

30. राष्ट्रपति के निर्वाचन में निम्नलिखित में से कौन भाग नहीं लेता है?
(अ) लोकसभा के सदस्य
(ब) राज्यसभा सदस्य
(स) विधानपरिषद के सदस्य
(द) राज्यों की विधानसभाओं के सदस्य
उत्तर- (स) विधानपरिषद के सदस्य।

31. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा सुप्रीम कोर्ट को रिट जारी करने का अधिकार दिया गया है?
(अ) अनु. 20 (ब) अनु. 21
(स) अनु. 31 (द) अनु. 32
उत्तर- (द) अनु. 32।

32. उच्चतम न्यायालय के किस निर्णय में यह कहा गया कि मूल अधिकार संशोधित हो सकते हैं, किन्तु संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं किया जा सकता -
(अ) शंकरी प्रसाद केस 1952
(ब) गोलकनाथ केस 1969
(स) केशवानंद भारती केस 1973
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) केशवानंद भारती केस 1973।

33. किस संविधान संशोधन के तहत अनुच्छेद 21 (क) को जोड़ा गया था?
(अ) 86 वां (ब) 81 वां
(स) 45 वां (द) 42 वां
उत्तर- (अ) 86 वां (2002 में)।

34. 'रोग का जर्म सिद्धांत' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?
(अ) रॉबर्ट कॉलरा
(ब) लुई पाश्चर
(स) जोहन्स
(द) ग्रेगर मेण्डल
उत्तर- (ब) लुई पाश्चर।

35. वनस्पति जगत का एम्फीबिया वर्ग किसे कहा जाता है?
(अ) ब्रायोफाइटा (ब) टेरिडोफाइटा
(स) कवक (द) शैवाल
उत्तर- (अ) ब्रायोफाइटा।

36. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना किस वर्ष आरंभ की गई?
(अ) 2016 (ब) 2015
(स) 2014 (द) 2019
उत्तर- (ब) 2015।

37. 'पोलियो का टीका' किसके द्वारा विकसित किया गया था?
(अ) जोनाक सॉल्क
(ब) हैनीमैन
(स) पॉल मुलर
(द) एडवर्ड जेनर
उत्तर- (अ) जोनाक सॉल्क।

38. जन्तु एवं पादपों के मध्य की कड़ी किसे माना जाता है?
(अ) कवक (ब) यूग्लीना
(स) शैवाल (द) जीवाणु
उत्तर- (ब) यूग्लीना।

39. गुलाबी क्रांति का संबंध निम्न में से किससे है?
(अ) गुलाब से
(ब) झींगा उत्पादन
(स) कपड़ा उत्पादन
(द) बागवानी से
उत्तर- (ब) झींगा उत्पादन।

40. 'परम सिद्धि' नामक सुपर कम्प्यूटर किसके द्वारा विकसित किया गया है?
(अ) NIT सिक्किम
(ब) सी.डैक
(स) इसरो (द) बार्क
उत्तर- (ब) सी.डैक।

41. भारत का प्रथम राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय कहां स्थापित किया गया?
(अ) मणिपुर (ब) दिल्ली
(स) चेन्नई (द) हरियाणा
उत्तर- (अ) मणिपुर (इम्फाल में)।

42. 'स्वर्ण पैगोडा का देश' की संज्ञा किसे दी गई है?
(अ) भूटान (ब) म्यांमार
(स) थाइलैंड (द) श्रीलंका
उत्तर- (ब) म्यांमार।

43. 'शिंजो आबे' जिनका हाल ही में निधन हो गया है, किस देश से संबंधित हैं?
(अ) चीन (ब) जापान
(स) नेपाल (द) भूटान
उत्तर- (ब) जापान।

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इन्दौर (म.प्र.)
ई-मेल - apdpiuindore@gmail.ocm
क्र.एफ-3/2022/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-31/6818 इन्दौर, दिनांक : 28.12.2022

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 31/2022

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील एसओआर एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क. एवं कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग पीआईयू अलीराजपुर जिले के अंतर्गत विभिन्न भवनों के निर्माण कार्यों पर सुपरविजन क्वॉलिटी कंट्रोल सर्विसेस का कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2022_PWPIU_238571_1	अलीराजपुर	300.00	3,00,000	12,500	24
2. पी.आई.यू. लो.नि.वि. बड़वानी के अंतर्गत छूटे हुये, मरम्मत, मायनर एवं परफारमेंस ग्यारंटी के तहत विभिन्न भवन का निर्माण/उन्नयन कार्य।					
2022_PWPIU_238901_1	बड़वानी	320.00	3,20,000	15,000	24
3. शासकीय हा.से.स्कूल धूलाकोट जिला खरगोन में 03 नग लेबोरेट्री एवं 02 नग अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य का शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)					
2022_PWPIU_239213_1	खरगोन	61.21	61,210	10,000	6
4. नवीन कोर्ट भवन महेश्वर जिला खरगोन के निर्माण कार्य का शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)					
2022_PWPIU_238132_1	खरगोन	151.87	1,51,870	12,500	6
5. पी.आई.यू. लो.नि.वि. रतलाम के अंतर्गत छूटे हुये, मरम्मत, मायनर एवं परफारमेंस ग्यारंटी के तहत विभिन्न भवनों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य।					
2022_PWPIU_239312_1	रतलाम	150.00	1,50,000	12,500	12

निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) :-
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 21.12.2022
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 22.12.2022
3. विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **06.01.2023**
4. विड खोलने की तिथि - 07.01.2023

अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू., इन्दौर

जी-21068/47966/2022

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य हिन्दी

नोट :- प्रथम शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए द्वितीय समानार्थी शब्द का आशय चार विकल्पों में से किसी उत्तर के अंतर्गत दिया गया है सही का चयन करें:-

1. ईर्ष्या - द्वेष
ईर्ष्या का अर्थ दूसरे के उत्कर्ष को न देख सकने अथवा सुनने की वृद्धि किन्तु द्वेष का आशय?
(A) घृणा करना
(B) घृणा अथवा शत्रुतावश किसी का विरोध करने का स्थायी भाव
(C) घृणा द्वेष के साथ करना
(D) घृणा समभाव में करना
उत्तर - (B) घृणा अथवा शत्रुतावश किसी का विरोध करने का स्थायी भाव।

2. प्राचीन - पुराना
प्राचीन का आशय पुराने समय से होता है जो शब्द काल और युग को संकेत करता है किन्तु पुराना?
(A) प्राचीनता का द्योतक
(B) नया, ताजा तथा युवापन का विरोधी
(C) जो खुदाई में प्राप्त हो
(D) कुछ ही पुराना
उत्तर - (B) नया, ताजा तथा युवापन का विरोधी

3. अनुरोध - आग्रह
अनुरोध का अर्थ विनयपूर्वक याचना तो आग्रह का आशय?
(A) अधिकार भावना से उद्भूत याचना
(B) अधिकार भावना की सहृदय याचना करना
(C) अधिकार भावना को स्वीकार करना
(D) इसका कदापि उपेक्षा न करना
उत्तर - (A) अधिकार भावना से उद्भूत याचना

4. अनुपम - अद्वितीय
अनुपम का आशय जिसकी उपमा किसी अन्य से न जा सके, वहीं अद्वितीय का आशय?
(A) जिसके समान दूसरा न हो
(B) दूसरे के सामने पहला
(C) पहले के समान दूसरा न हो
(D) पहला और दूसरा एक समान
उत्तर - (A) जिसके समान दूसरा न हो

5. निन्दा - तन्द्रा
सोने की स्थिति में होना निन्दा का परिचायक है किन्तु तन्द्रा?
(A) अपनी चेतना के परे होना
(B) थोड़ी बेहोशी होना, मूर्च्छा, अर्द्धनिन्दा में होना
(C) अर्द्ध सुप्तावस्था
(D) अनिश्चय अवस्था
उत्तर - (B) थोड़ी बेहोशी होना, मूर्च्छा, अर्द्धनिन्दा में होना

6. ऋषि - मुनि
वेद मंत्रों का प्रकाश करने वाला ऋषि, जबकि मुनि का अर्थ?
(A) सत्यादि का पूर्ण विचार करने वाला धर्म और तत्व का विश्लेषक
(B) साधना करने वाला
(C) आराधना करने वाला
(D) ईश्वर को माल्यार्पण करने वाला
उत्तर - (A) सत्यादि का पूर्ण विचार करने वाला धर्म और तत्व का विश्लेषक।

7. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?
(A) मैं अनेकों विद्वानों से मिला हूं
(B) मैं अनेक विद्वानों से मिला हूं
(C) मैं बहुत सारे विद्वानों से मिला हूं
(D) मैं कई विद्वानजनों से मिला हूं
उत्तर - (B) मैं अनेक विद्वानों से मिला हूं

8. (A) दिवाकर जी दिनभर घर में नहीं रहते
(B) दिवाकर जी सदैव घर में नहीं रहते
(C) दिवाकर जी अनवरत घर में नहीं रहते
(D) दिवाकर जी दिनभर घर नहीं रहते
उत्तर - (B) दिवाकर जी सदैव घर में नहीं रहते

9. (A) चलो, गंगा किनारे सैर करने
(B) चलो, गंगा किनारे सैर करने के लिए
(C) चलो, गंगा किनारे सैर करने चलें
(D) चलो, गंगा किनारे सैर करने के लिए चलें
उत्तर - (C) चलो, गंगा किनारे सैर करने चलें

10. (A) दिनेश दिल्ली गये
(B) दिनेश दिल्ली को गये
(C) दिनेश ने दिल्ली गये
(D) दिनेश दिल्ली में गये हैं
उत्तर - (A) दिनेश दिल्ली गये

11. (A) मैंने कपड़े पहनने हैं
(B) मैंने कपड़े पहनने हूं
(C) मुझे कपड़े पहनने हैं
(D) मेरे को कपड़े पहनने हैं
उत्तर - (C) मुझे कपड़े पहनने हैं

12. 'स्मरण' का विलोम है?
(A) भूलना (B) अस्मरण
(C) विस्मरण (D) सुस्मरण
उत्तर - (C) विस्मरण

13. वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द सही है?
(A) संन्यासी (B) सन्यासी
(C) सनियासी (D) सनयासी
उत्तर - (A) संन्यासी

14. मृदुल का विलोम शब्द है?
(A) कठिन (B) खराब
(C) नरम (D) सख्त
उत्तर - (D) सख्त

15. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(A) अपवाद (B) पराजय
(C) प्रभाव (D) ओढ़ना
उत्तर - (D) ओढ़ना

16. अपभ्रंश में कुल कितने स्वर थे?
(A) 8 (B) 12
(C) 10 (D) 9
उत्तर - (A) 8

17. 'श' ध्वनि का उच्चारण स्थान है?
(A) मूर्द्धा (B) तालु
(C) दंत (D) दंतालु
उत्तर - (B) तालु

18. इनमें से कौनसा युग्म अघोष ध्वनि है?
(A) ग, घ (B) ड, ढ
(C) प, फ (D) द, ध
उत्तर - (C) प, फ

19. अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित बोली है?
(A) वांगरू (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) भोजपुरी
उत्तर - (B) बघेली

20. पश्चिमी हिन्दी की दो बोलियों का सही युग्म है?
(A) कन्नौजी - अवधी
(B) ब्रज - बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी - वांगरू
(D) खड़ी बोली - बुंदेली
उत्तर - (D) खड़ी बोली - बुंदेली

21. 'मगही' किस हिन्दी प्रदेश की बोली है?
(A) छत्तीसगढ़ (B) मध्यप्रदेश
(C) बिहार (D) राजस्थान
उत्तर - (C) बिहार

22. किस क्षेत्र की बोली को 'कशिका' कहा जाता है?
(A) मगध (B) बनारस
(C) वैसवाड़ा (D) भोजपुर
उत्तर - (B) बनारस

23. इनमें से किसको संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल नहीं किया गया?
(A) असमिया (B) ब्रज
(C) मैथिली (D) डोंगरी
उत्तर - (B) ब्रज

24. इनमें से किस बोली का संबंध बिहारी हिन्दी से नहीं है?
(A) अवधी (B) मगही
(C) भोजपुरी (D) मैथिली
उत्तर - (A) अवधी

25. 'सप्ताह' शब्द से विशेषण बनेगा?
(A) सप्ताही (B) साप्ताहिक
(C) साप्तारी (D) साप्ताकी
उत्तर - (B) साप्ताहिक

26. गांधी जी को राष्ट्रपिता कहा जाता है रेखांकित शब्द कौनसी संज्ञा है?
(A) जाति वाचक संज्ञा
(B) द्रव्य वाचक संज्ञा
(C) व्यक्ति वाचक संज्ञा
(D) भाव वाचक संज्ञा
उत्तर - (C) व्यक्ति वाचक संज्ञा

27. किस वर्ग की सभी संज्ञाएं भाव वाचक संज्ञा है?
(A) वार्धक्य, ईमानदारी
(B) पुत्र, योग्य
(C) ऊंचाई, कमजोरी
(D) सुन्दरता, भव्यता
उत्तर - (B) पुत्र, योग्य

28. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द जाति वाचक संज्ञा नहीं है?
(A) महल (B) कानपुर
(C) नदी (D) पुस्तक
उत्तर - (B) कानपुर

29. किस वर्ग के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(A) पुष्प, सुमन, कुसुम
(B) वृक्ष, पादप, पेड़
(C) राजा, प्रजा, नर
(D) सूर्य, रवि, दिनकर
उत्तर - (C) राजा, प्रजा, नर

30. 'थोड़े में बहुत कुछ कह देना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा है?
(A) अधजल गगरी छलकत जाए
(B) सागर में गागर मिलाना
(C) गागर में सागर डुबा देना
(D) गागर में सागर भरना
उत्तर - (D) गागर में सागर भरना

31. 'खून खौलना' मुहावरे का अर्थ है?
(A) बहुत जोश में आना
(B) अत्यंत क्रोध करना
(C) पागल हो जाना
(D) क्रोध निकलना
उत्तर - (B) अत्यंत क्रोध करना

32. 'व्यर्थ की बातें उभारना' अर्थ को प्रकट करने वाला कौनसा मुहावरा सबसे ठीक है?
(A) गले पड़ना
(B) खून का घूंट पीना
(C) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(D) गले मढ़ना
उत्तर - (C) गड़े मुर्दे उखाड़ना

33. 'खून का घूंट पी जाना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(A) खून पीना
(B) अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना
(C) आपे से बाहर होना
(D) क्रोधित होना
उत्तर - (B) अपने क्रोध को भीतर ही भीतर सह जाना

34. कार्य को नये ढंग से करने की पद्धति?
(A) नवीनीकरण
(B) नवागत रूप
(C) पारम्परिक
(D) आधुनिकीकरण
उत्तर - (A) नवीनीकरण

35. जिसके पास कुछ न हो?
(A) सर्वहारा (B) पंगु
(C) बेसहारा (D) लाचार
उत्तर - (A) सर्वहारा

36. वह अग्नि जो वन में अपने आप लग जाती है?
(A) बड़वाग्नि (B) जठराग्नि
(C) दावानल (D) पंचाग्नि
उत्तर - (C) दावानल

37. जिस रोग का ठीक होना सम्भव न हो?
(A) विकट (B) घातक
(C) असाध्य (D) मारक
उत्तर - (C) असाध्य

38. नवग्रह में कौनसा समास है?
(A) द्विगु (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द (D) कर्मधारय
उत्तर - (A) द्विगु समास

39. नवयुवक में कौनसा समास है?
(A) बहुव्रीहि (B) कर्मधारय
(C) द्विगु (D) द्वन्द
उत्तर - (B) कर्मधारय समास

40. अठज्ञी में कौनसा समास है?
(A) द्वन्द (B) तत्पुरुष
(C) कर्मधारय (D) द्विगु
उत्तर - (D) द्विगु समास

41. 'ईमानदारी' से विशेषण बनेगा?
(A) ईमान (B) ईमानदार
(C) ईमानी (D) ईमानवाला
उत्तर - (B) ईमानदार

42. अग्नि शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) आग (B) अनल
(C) मन (D) पावक
उत्तर - (C) मन

43. इन्द्र शब्द का कौनसा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(A) देवेन्द्र (B) सुरेश
(C) निशाचर (D) पुरंदर
उत्तर - (C) निशाचर

44. 'वारिस' शब्द के दो पर्यायवाची किस वर्ग में सही है?
(A) उत्तराधिकार - हकदार
(B) पुत्र - संपत्ति
(C) रिश्तेदार - मालिक
(D) जिगरी - उत्तम
उत्तर - (A) उत्तराधिकार - हकदार

45. 'कनक' शब्द का कौनसा पर्यायवाची नहीं है?
(A) सोना (B) धतूरा
(C) कर्ण (D) गेहूं
उत्तर - (C) कर्ण

46. 'सगुण' का विलोमार्थी है?
(A) अवगुण (B) निर्गुण
(C) भद्रगुण (D) जगुण
उत्तर - (B) निर्गुण

47. 'नदी' शब्द के लिए कौनसा शब्द पर्यायवाची है?
(A) सरिता (B) द्विज
(C) अमर (D) गोरस
उत्तर - (A) सरिता

48. 'शर' और 'सर' में अंतर है?
(A) बाण और सिर का
(B) बाण और तालाब का
(C) सिर और तालाब का
(D) शरीर और जल का
उत्तर - (B) बाण और तालाब का

49. 'मणि' और मणी में अंतर है?
(A) मणि रत्न है तो मणी सर्प को कहते हैं
(B) मणि सर्प होता है मणी बहुमूल्य पदार्थ
(C) चमकदार पत्थर और मणि मुक्ता
उत्तर - (A) मणि रत्न है तो मणी सर्प को कहते हैं।

50. 'बद्ध और विद्ध में अंतर है?
(A) बद्ध- बंधा हुआ, विद्ध- छिदा हुआ
(B) बद्ध- बांधना, विद्ध- छेदना
(C) बद्ध- हाथ जोड़ना, विद्ध- रोकना
(D) बद्ध- हाथ पकड़ना, विद्ध- बांधना
उत्तर - (B) बद्ध- बांधना, विद्ध- छेदना।

51. गहरी काली कमीज मत पहनो। रेखांकित पद व्याकरण में क्या है?
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) प्रविशेषण
उत्तर - (D) प्रविशेषण

- डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

पेसा एक्ट से होगा जनजातीय समुदाय का आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण

भोपाल, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश 15 नवंबर 2022 को उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना जब मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन के अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया गया।

प्रदेश के 20 जिलों के 89 जनजातीय बहुल विकासखंड में पेसा एक्ट लागू किया गया है। पेसा एक्ट जनजातीय भाई-बहनों की आर्थिक, सामाजिक उन्नति और उन्हें सशक्त एवं अधिकार सम्पन्न बनाने का जरिया बन रहा है। यह एक्ट समाज के सभी नागरिकों के हित में है। किसी भी गैर-जनजातीय समाज के नागरिक के खिलाफ नहीं है। ऐसे जनजातीय भाई-बहन जो विकास की दौड़ में पीछे रह गये थे, पेसा एक्ट उन्हें मजबूत बनायेगा।

पेसा एक्ट के नियमों के अनुसार अब पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड को गांव की जमीन का नक्शा, खसरा, बी-1 नकल साल में एक बार गांव में लाकर ग्राम सभा में दिखाना होगा, जिससे जमीन के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न कर सके। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो ग्राम सभा को रिकॉर्ड सुधारने की सिफारिश करने का अधिकार होगा।

पेसा एक्ट में प्रावधान है कि शासन की योजना के किसी भी प्रोजेक्ट में किये जाने वाले सर्वे और भू-अर्जन के लिये ग्राम सभा की अनुमति जरूरी होगी। किसी भी जनजातीय नागरिक की भूमि छल-कपट और बल से अब कोई हड़प नहीं सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है, तो ग्राम सभा को उसे वापस करवाने का अधिकार रहेगा। पेसा एक्ट बहला-फुसला कर धर्म बदलवाने और फिर जनजातीय समाज की जमीन हड़प लेने की आशंका को समाप्त करेगा। खनिज की खदान, जिसमें रेत, गिट्टी पत्थर की खदान शामिल है, के ठेके पर देना है या नहीं, इसका फैसला ग्राम सभा करेगी। खदान पर पहला अधिकार सोसायटी, फिर गाँव की बहन-बेटी और उसके बाद पुरुष का होगा।

राज्य सरकार ने गांव-गांव में तालाब बनवाये हैं। इन तालाबों का पूरा प्रबंधन ग्राम सभा करेगी। ग्राम सभा तय करेगी कि तालाब में मछली पालें या सिंघाड़े की खेती हो। तालाब से जो आमदनी होगी, वह ग्राम सभा को मिलेगी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?

संस्था का नाम	मुख्यालय
(अ) पारसी क्रिकेट क्लब	- इन्दौर
(ब) म.प्र. मलखंभ एकेडमी	- उज्जैन
(स) म.प्र. शूटिंग एकेडमी	- भोपाल
(द) म.प्र. टेबल टेनिस एकेडमी	- इन्दौर

उत्तर- (द) म.प्र. टेबल टेनिस- इन्दौर एकेडमी

व्याख्या- म.प्र. टेबल टेनिस एकेडमी जबलपुर में स्थापित है।

2. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर किस खेल से संबंधित हैं?

(अ) टेनिस (ब) तीरंदाजी
(स) शूटिंग (द) घुड़सवारी

उत्तर- (स) शूटिंग

व्याख्या- खरगोन निवासी इस खिलाड़ी ने ISSF वर्ल्डकप 2021 में शूटिंग में गोल्ड मेडल जीता था।

3. All India Footboll Federation **की स्थापना कब हुई?**

(अ) 23 जून, 1937
(ब) 24 जून, 1938
(स) 25 जुलाई, 1937
(द) 23 जुलाई, 1938

उत्तर- (अ) 23 जून, 1937

व्याख्या- मुख्यालय दिल्ली में है।

4. सही सुमेलित नहीं है?

खिलाड़ी	पुस्तक
(अ) माइकल क्लार्क	- माई स्टोरी
(ब) एलन बार्डर	- क्रिकेट इज आईसी इट
(स) एम.सी. मैरीकॉम	- वाइड एंगिल
(द) युवराज सिंह	- द टेस्ट ऑफ माई लाइफ

उत्तर- (स) एम.सी. मैरीकॉम - वाइड एंगिल

व्याख्या- एम.सी. मैरीकॉम - अनब्रेकेबल
अनिल कुम्बले - वाइड एंगिल

5. महिला T-20 में शतक लगाने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन है?

(अ) हरमनप्रीत कौर
(ब) स्मृति मंधाना
(स) दीप्ति शर्मा
(द) झूलन गोस्वामी

उत्तर- (अ) हरमनप्रीत कौर

6. निम्न में कौनसा सुमेलित नहीं है?

(अ) म.प्र. आलू अनुसंधान केन्द्र - ग्वालियर
(ब) राज्य वन अनुसंधान संस्थान - जबलपुर
(स) आम अनुसंधान केन्द्र - रीवा
(द) राज्य का प्रथम मसाला पार्क - अशोक नगर

उत्तर- (द) राज्य का प्रथम मसाला पार्क - अशोक नगर

व्याख्या- राज्य का प्रथम मसाला पार्क छिंदवाड़ा में है।

7. कॉर्डिमम पहाड़ियां जिन राज्यों की सीमाओं पर स्थित है, वे हैं?

(अ) कर्नाटक और तमिलनाडु
(ब) कर्नाटक और केरल
(स) तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश
(द) केरल एवं तमिलनाडु

उत्तर- (द) केरल एवं तमिलनाडु

व्याख्या- कॉर्डिमम पहाड़ियां केरल एवं तमिलनाडु राज्य की सीमाओं पर स्थित हैं।

8. हारमुज जलसंधि पायी जाती है?

(अ) काला सागर तथा मृत सागर के बीच।
(ब) फारस की खाड़ी तथा ओमान की खाड़ी के बीच।
(स) अरब सागर एवं लाल सागर के बीच।
(द) लाल सागर एवं भूमध्य सागर के बीच

उत्तर- (ब) फारस की खाड़ी तथा ओमान की खाड़ी के बीच।

9. अटल सागर जल विद्युत केन्द्र स्थित है?

(अ) मुरैना (ब) शिवपुरी
(स) ग्वालियर (द) छतरपुर

उत्तर- (ब) शिवपुरी

व्याख्या- इसे मड़ीखेड़ा जल विद्युत केन्द्र भी कहा जाता है सिंध नदी पर स्थित इस केन्द्र की क्षमता 60 मेगावॉट है।

10. म.प्र. में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) की स्थापना कब की गई थी?

(अ) 1980 (ब) 1981
(स) 1982 (द) 1983

उत्तर- (ब) 1981

व्याख्या- मुख्यालय भोपाल यह स्वशासी संस्था है।

11. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?

(1) बेतवा - कुमरागांव (रायसेन)
(2) टोंस - अमरकंटक पहाड़ी
(3) तवा - काकरीवर्डी पहाड़ी
(अ) केवल 1 (ब) 1,2 व 3
(स) केवल 3 (द) केवल 2

उत्तर- (अ) केवल 1

व्याख्या- बेतवा- कुमरागांव (रायसेन) से उत्तर में यमुना में मिलती है
टोंस- उद्गम सतना जिले की मैहर में कैमूर पहाड़ी से
तवा- उद्गम पंचमढ़ी महादेव पर्वत

12. म.प्र. का सबसे बड़ा हथकरघा उद्योग है?

(अ) अलीराजपुर (ब) बुरहानपुर
(स) डिंडोरी (द) श्योपुर

उत्तर- (ब) बुरहानपुर

व्याख्या- म.प्र. का सबसे बड़ा हथकरघा उद्योग बुरहानपुर में है। राज्य सरकार हथकरघा और पावरलूम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

13. राष्ट्रपति द्वारा जारी एक अध्यादेश संसद के सत्र शुरू होने के बाद कितने-कितने समय तक रखा जाना आवश्यक है?

(अ) 1 माह (ब) 6 सप्ताह
(स) 8 सप्ताह (द) 6 माह

उत्तर- (ब) 6 सप्ताह

व्याख्या- अनु. 123 (2) (Z) के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश को संसद के सत्र शुरू होने के बाद छः सप्ताह के अंदर अनुमोदित होना चाहिए।

14. ऑस्ट्रेलिया में शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमियां जो कि मरें एवं डालिंग नदियों की द्रोणी में फैली है, उन्हें किस नाम से जाना जाता है?

(अ) वेल्ड (ब) सवाना
(स) डाउंस (द) प्रेयदी

उत्तर- (स) डाउंस

व्याख्या- शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमियां जो कि मरें और डालिंग नदियों की द्रोणी में फैली है उन्हें डाउंस कहते है।

15. म.प्र. के राज्यपाल के संदर्भ में निम्न कथनों का परीक्षण कीजिए?

(1) म.प्र. के प्रथम राज्यपाल पं. रविशंकर शुक्ल हैं।
(2) अनुच्छेद-164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
(3) अनुच्छेद-165 के अनुसार राज्य का महाधिवक्ता राज्यपाल के प्रसाद पर्यंत पद धारण करता है।
(4) अनुच्छेद-213 के अनुसार राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति है।

उपरोक्त में से कौन सा/कौन से कथन सत्य हैं।

(अ) 1 एवं 4 (ब) 2,3 और 4
(स) 1,2 एवं 3 (द) केवल 2

उत्तर- (ब) 2,3 और 4

व्याख्या- पं. रविशंकर शुक्ल म.प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री थे।

16. कागज उद्योग से संबंधित निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?

(अ) नेशनल न्यूज प्रिंट पेपर मिल बुरहानपुर में है।
(ब) ओरिएंटल पेपर मिल शहडोल में है।
(स) इंदौर में टिशु पेपर उद्योग है।
(द) करैसी नोट पेपर प्रोडक्शन मिल देवास में है।

उत्तर- (द) करैसी नोट पेपर प्रोडक्शन मिल देवास में है।

व्याख्या- होशंगाबाद में सिक्योरिटी पेपर मिल के नाम से नोट पेपर बनाने वाला प्लांट है। बैंक नोट प्रेस जहां करैंसी नोट छापे जाते हैं देवास में है।

17. नायब-ए-मुमालिकत पद की स्थापना किस शासक के शासनकाल में हुई थी?

(अ) रजिया
(ब) इल्तुतमिश
(स) बहरामशाह
(द) नसीरुद्दीन महमूद

उत्तर- (स) बहरामशाह

व्याख्या- मुइजुद्दीन बहरामशाह के शासनकाल में सत्ता को सुरक्षित करने के लिए तुर्क अधिकारियों ने एक नवीन पद नायब-ए-मुमालिकत की स्थापना की जो संपूर्ण अधिकारों का स्वामी था।

18. तालीकोटा के युद्ध में विजय नगर साम्राज्य विरोधी संघ में कौन-कौन शामिल था?

(1) अहमदनगर (2) बीजापुर
(3) गोलकुण्डा (4) बीदर
(5) बरार

उपर्युक्त में से सही कूट का चयन कीजिए

(अ) केवल 1,2,3,4
(ब) केवल 1,2,3,5
(स) केवल 1,2,4,5
(द) केवल 1,2,3,4,5

उत्तर- (अ) केवल 1,2,3,4

व्याख्या- तालीकोटा का युद्ध 23 जनवरी, 1565 को हुआ था, जिसमें विजयनगर विरोधी महासंघ में अहमद नगर, बीजापुर, गोलकुंडा और बीदर शामिल थे। गोलकुंडा और बरार के मध्य शत्रुता के कारण बरार इसमें शामिल नहीं हुआ।

19. फ्यूज का सिद्धांत है?

(अ) विद्युत का रासायनिक प्रभाव
(ब) विद्युत का यांत्रिक प्रभाव
(स) विद्युत का ऊष्मीय प्रभाव
(द) विद्युत का चुंबकीय प्रभाव

उत्तर- (स) विद्युत का ऊष्मीय प्रभाव

व्याख्या- फ्यूज तार निम्न गलनांक वाले धातु का बना होता है। जिसके कारण अधिक धारा के प्रवाहित होते ही यह गर्म होकर पिघल जाता है, इलेक्ट्रिक सामानों की सुरक्षा की दृष्टि से यह विशेष उपयोगी है यह विद्युत का ऊष्मीय प्रभाव है।

20. 'दास कैपिटल' किसकी प्रसिद्ध पुस्तक है?

(अ) एडम स्मिथ
(ब) कार्ल मार्क्स
(स) गुन्नार मिर्डल
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब) कार्ल मार्क्स

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर होती है।
2. इस समिति में प्रधानमंत्री के अलावा लोकसभा अध्यक्ष होते हैं।

उपर्युक्त में से कौनसा कथन सत्य है

(अ) केवल 1
(ब) केवल 2
(स) 1 और 2
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (अ) केवल 1

व्याख्या- नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है।

22. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग ने 23 मार्च, 1940 को किस स्थान पर पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किया था?

(अ) कराची (ब) हैदराबाद
(स) लाहौर (द) लखनऊ

उत्तर- (स) लाहौर

व्याख्या- 23 मार्च, 1940 को मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान प्रस्ताव पारित किया था। मुस्लिम लीग भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को मिलाकर पाकिस्तान का निर्माण करना चाहती थी। पाकिस्तान का नामकरण चौधरी रहमत अली ने किया था।

23. हाल ही में किस केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा स्वच्छ टॉयकाथॉन प्रतियोगिता शुरू की गई है?

(अ) गृह मंत्रालय
(ब) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय
(स) संस्कृति मंत्रालय
(द) शिक्षा मंत्रालय

उत्तर- (ब) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय

24. निम्नलिखित नगरों में किस नगर का संबंध महावीर से नहीं है?

(अ) वैशाली
(ब) लुंबिनी
(स) पावापुरी
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर- (ब) लुंबिनी

व्याख्या- लंबिनी में महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था।

25. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

पुस्तक	लेखक
(अ) शाहजहां नामा	- इनायत खां
(ब) नुस्खा-ए-दिलकुशा	- भीमसेन सक्सेना
(स) तारीख-ए शेरशाही	- अब्बास शेरवानी
(द) कानून-ए-हुमायूंनी	- मिर्जा हैदर

उत्तर- (द) कानून-ए-हुमायूंनी - मिर्जा हैदर

व्याख्या- कानून-ए-हुमायूंनी के लेखक खांद मीर था, अन्य सभी सुमेलित।

26. आंग्ल-नेपाल युद्ध के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

(अ) लॉर्ड वेलेजली
(ब) लॉर्ड मिंटो
(स) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(द) सर जॉन शोर

उत्तर- (स) लॉर्ड हेस्टिंग्स

व्याख्या- सन् 1814 ई. में प्रारंभ हुए आंग्ल-नेपाल युद्ध के समय लॉर्ड हेस्टिंग्स गवर्नर जनरल था। मार्च 1816 में संपन्न सुगौली की संधि से आंग्ल-नेपाल युद्ध की समाप्ति हुई।

27. तुर्की के उत्तर में है?

(अ) काला सागर
(ब) कैस्पियन सागर
(स) लाल सागर
(द) भूमध्य सागर

उत्तर- (अ) काला सागर

व्याख्या- तुर्की एक यूरेशियाई देश है जिसकी सीमायें 8 देशों तथा 4 सागरों से लगी हुई हैं।

28. विश्व का चावल जीन बैंक स्थित है?

(अ) चीन में (ब) फिलीपींस में
(स) जापान में (द) भारत में

उत्तर- (ब) फिलीपींस में

व्याख्या- लॉस बानोस (मनीला, फिलीपींस में) यहां चावल की सवा लाख से ज्यादा किस्में संग्रहित हैं।

29. शून्य अंश अक्षांश और शून्य अंश देशांतर अवस्थित है?

(अ) अटलांटिक महासागर में
(ब) आर्कटिक महासागर में
(स) हिन्द महासागर में
(द) प्रशांत महासागर में

उत्तर- (अ) अटलांटिक महासागर में

30. निम्नलिखित में से कौनसी धौलाधार श्रेणी की प्रमुख जनजाति है?

(अ) सवारा (ब) लेपचा
(स) चकमा (द) लाहौली

उत्तर- (द) लाहौली

व्याख्या- धौलाधार श्रेणी हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यहां रहने वाली मुख्य जनजातियां कनोरा, लाहौली, थकराल वादी आदि प्रमुख है।

31. फैनी नदी से संबंधित भारत और किस देश के मध्य समझौता हुआ है?

(अ) बांग्लादेश (ब) म्यांमार
(स) भूटान (द) नेपाल

उत्तर- (अ) बांग्लादेश

व्याख्या- फैनी त्रिपुरा से उद्गमित होने वाली नदी है। त्रिपुरा के दक्षिण जिलों में पानी की आपूर्ति बनी रहे, जिसके लिए भारत और बांग्लादेश के मध्य समझौता हुआ है।

32. विश्व का सबसे लंबा लोकगायन है?

(अ) हीड़ गायन
(ब) आल्हा गायन
(स) बसंदेवा गायन
(द) विदेशिया गायन

उत्तर- (ब) आल्हा गायन

व्याख्या- आल्हा-उदल की वीरगति की कहानी बुंदेलखण्ड के लोकमानस में लोकगायन रूप में प्रचलित है जो विश्व का सबसे लंबा लोकगायन है।

33. डेस्कटॉप कम्प्यूटर निम्न नाम से भी जाना जाता है?

(अ) पॉम पायलट
(ब) पर्सनल कम्प्यूटर (पी.सी.)
(स) लैपटॉप
(द) मेनफ्रेम

उत्तर- (ब) पर्सनल कम्प्यूटर (पी.सी.)

व्याख्या- Desktop Computer को Personal computer (p c) के नाम से जाना जाता है Palmtop, Laptop एवं सभी Micro Computer के नाम से जाना जाता है।

सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

योग के क्षेत्र में लगातार बढ़ते कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन चीन सहित कई देशों में कोहराम मचा रहे कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान बीएफ-7 के दुनिया में फैलने की आशंका और वैश्विक सुस्ती से निर्मित हो रही तनाव और निराशा की चुनौतियों के बीच एक बार फिर योग देश-दुनिया में लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और कोविड-19 के बाद योग में बढ़े वैश्विक रुझान के अवसर

यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल से दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है। हर साल 21 जून को यह दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए योग दिवस मनाने की न्यायसंगतता बताई थी। कालांतर में 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी। योग का विकास भारतीय मनीषियों के शोध और चिंतन-मनन के बाद करीब पांच हजार वर्ष पूर्व हुआ था। योग की विधा भारत की प्राचीन धरोहर है। संयुक्त राष्ट्र की ऐसी मंज़ूरी के बाद वर्तमान समय में योग का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। 25 दिसंबर, 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कहा कि योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

योग के बढ़ते बाजार ने बढ़ाए कॅरियर के अवसर

यकीनन योग धीरे-धीरे एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। एलाइड मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2019 तक पूरी दुनिया में योग का जो कारोबार 3 लाख करोड़ रुपये का था। वह साल 2027 तक बढ़कर 5 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। एलाइड मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि दुनिया की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में यूएसए की आठ और नीदरलैंड और यूके की एक-एक कंपनी शामिल हैं। वर्ष 2023 तक भारत में हेल्थटेक बाजार करीब 5 अरब डॉलर का हो जाएगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 4 यूनिकॉर्न काम कर रहे हैं। इन यूनिकॉर्न कंपनियों के नाम हैं- इनोवोकेर, फार्मईजी, क्योर फिट और प्रिस्टन केयर। इन सभी यूनिकॉर्न में सिर्फ क्योर फिट ही योग के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। मार्केट रिसर्च रिपोर्ट में बताया गया कि कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच वैश्विक आबादी बुरी तरह प्रभावित हुई, जिससे लोगों में मानसिक तनाव बढ़ा। योग प्रशिक्षकों और शिक्षकों की मांग कई गुना बढ़ गई है। इसके अलावा ये भी देखा गया है कि कोविड के बाद लोग इम्यूनिटी मजबूत करने पर बल दे रहे हैं। इस वजह से भी लोगों में योग का आकर्षण बढ़ा है। योग एक कमोडिटी बन गया है और योग के क्षेत्र में कॅरियर के अच्छे अवसर तेजी से उभरकर सामने आए हैं।

वैश्विक कॅरियर के रूप में योग की नई अहमियत

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा पांच वर्ष पूर्व वैश्विक योग दिवस घोषित किए जाने के बाद संक्रमण से निपटने के मद्देनजर योग के क्षेत्र में रोज़गार के अवसर देश की सीमाओं को लांघते हुए वैश्विक हो गए हैं। कोविड-19 के बीच जिस तरह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से योग प्रशिक्षकों ने देश और दुनिया को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाने में प्रभावपूर्ण भूमिका निभाई उससे योग मानव सेवा वाले कॅरियर के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। कोविड-19 और लॉकडाउन के बीच इस बात की व्यापक स्वीकार्यता मिली है कि योग ने मधुमेह, अस्थमा, अर्थराइटिस, हृदय रोग और कई अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को बड़ी राहत दी है। ऐसे में देश ही नहीं पूरी दुनिया के करोड़ों लोगों ने कोविड-19 जैसी विभिन्न चिंताओं और तनावों से बचने के लिए योग को दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न भाग बना लिया है।

योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी स्किल्स

योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए शांत स्वभाव, आध्यात्मिकता की ओर रुझान, अन्य लोगों के साथ समूह में कार्य करने में आनंद का अनुभव करने की प्रवृत्ति वाला तथा अच्छा वक्ता होना भी जरूरी है। अपनी बात योग के माध्यम से समझाने का तरीका आना चाहिए। इसके अलावा एक सफल योग प्रशिक्षक बनने के लिए जरूरी है कि योग के बारे में पूरी जानकारी हो।

योग के क्षेत्र में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर

योग के क्षेत्र में विभिन्न तरह के रोज़गार के मौके बढ़ते जा रहे हैं। योग शिक्षा एवं प्रशिक्षण लेने के उपरांत प्राइवेट अथवा सरकारी दोनों सेक्टर में रोज़गार के अवसर हैं। इसके अलावा अपना स्वयं का योग सेंटर भी खोला जा सकता है। योग के क्षेत्र में कोर्स करने के उपरांत योग इंस्ट्रक्टर, योग थैरेपिस्ट, योग एडवाइज़र, योग स्पेशलिस्ट, योग प्रैक्टीशनर, योग टीचर, रिसर्च ऑफिसर-योग एंड नैचुरोपैथी, योग ऐरोबिक इंस्ट्रक्टर, योग कंसल्टेंट आदि बना जा सकता है। आजकल कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्लास का आयोजन कराते हैं, जिसमें योग गुरू की जरूरत होती है। स्कूलों एवं कॉलेजों में भी अब बड़ी संख्या में योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाने लगी हैं। इतना ही नहीं मरीज जल्दी ठीक हो सकें इसके लिए अस्पतालों में मरीज को योग भी कराया जाता है, जिसके लिए योग चिकित्सकों की भी नियुक्त की जाती है।

योग में कॅरियर बनाने के लिए शैक्षणिक योग्यताएं और योग संबंधी विभिन्न कोर्स

12वीं उत्तीर्ण कोई भी छात्र इस क्षेत्र में कॅरियर बना सकता है। वर्तमान में ऐसे कई कॉलेज हैं, जो योग में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेज़ की पढ़ाई करा रहे हैं। योग में 3 साल की डिग्री के अलावा 1 साल, 6 माह तथा 3 माह के डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्सेज़ तक उपलब्ध हैं। वैचलर ऑफ योग, मास्टर ऑफ योग, पीजी डिप्लोमा इन योग थैरेपी आदि कोर्सेज की आज काफी डिमांड है।

अच्छे प्रतिष्ठित योग शिक्षण संस्थान का करें चयन

मध्यप्रदेश और देश में योग का कोर्स कराने वाले कई मान्यता प्राप्त संस्थान हैं, जहाँ से योग से संबंधित उपयुक्त कोर्स करके योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है। निश्चित रूप से एक योग प्रशिक्षक अपना अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखते हुए योग के तहत प्रतिष्ठापूर्ण एवं अच्छी कमाई वाला कॅरियर बनाते हुए स्वास्थ्य सेवा व मानव सेवा का संतोष भी अपनी मुट्ठियों में समाहित कर सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2022 में किस देश ने महिला एशिया कप का खिताब जीता है?
(अ) भारत
(ब) श्रीलंका
(स) पाकिस्तान
(द) बांग्लादेश

2. विनिसियस जूनियर किस देश के युवा फुटबॉलर हैं?
(अ) अर्जेंटीना
(ब) ब्राज़ील
(स) नीदरलैंड
(द) स्पेन

3. विराट कोहली ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किस देश के खिलाफ शतक बनाया है?
(अ) आयरलैंड
(ब) इंग्लैंड
(स) अफगानिस्तान
(द) पाकिस्तान

4. वर्ष 2032 में जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्डकप किस देश में खेला जायेगा?
(अ) पाकिस्तान
(ब) मलेशिया
(स) सिंगापुर
(द) द. कोरिया

5. दूर डी फ्रांस प्रतियोगिता किस खेल से संबंधित है?
(अ) बाइक रेसिंग
(ब) कार रेसिंग
(स) साइकल रेसिंग
(द) हॉर्स रेसिंग

6. वर्ष 2021 में पेरिस मास्टर्स के चैम्पियन बने थे?
(अ) होल्गर रूने
(ब) डेनिस शापोवालोव
(स) जैक सोक्स
(द) नोवाक जोकोविच

7. किस क्लब के नाम सबसे ज्यादा बार यूएफा चैम्पियंस लीग जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) वार्सिलोना
(स) लिवरपूल
(द) बायर्न म्युनिख

8. भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स-2018 में कौन-सा पदक जीता था?
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

9. मध्यप्रदेश ने कितनी बार रणजी ट्रॉफी जीती है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) पांच बार

10. टोक्यो ओलिंपिक-2022 में किस किस खिलाड़ी ने टेनिस में पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) कारेन खाचनोव
(स) लोरेंजो मुसेटी
(द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव

11. मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम किस शहर में स्थित है?
(अ) आगरा
(ब) चंडीगढ़
(स) नई दिल्ली
(द) नागपुर

12. भारत में देवधर ट्रॉफी किस खेल से जुड़ी एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) फुटबॉल
(ब) क्रिकेट
(स) हॉकी
(द) टेनिस

13. शंकर मुथुसामी किस खेल में भारत के उभरते खिलाड़ी हैं?
(अ) टेनिस
(ब) हॉकी
(स) बैडमिंटन
(द) निशानेबाजी

14. आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी जाने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर हैं?
(अ) स्मृति मंधाना
(ब) जेमिमाह रोड्रिग्ज
(स) शैफाली वर्मा
(द) हरमनप्रीत कौर

15. इस वर्ष किस खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार से नवाजा गया है?
(अ) अचंत शरत कमल
(ब) मीराबाई चानू
(स) मणिका बत्रा
(द) दीपा कर्माकर

16. वर्ष 2022 में विम्बलडन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?
(अ) राफेल नडाल
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) केविन एंडरसन
(द) होल्गर रूने

17. सीमा पूनिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) चक्का फेंक
(ब) भाला फेंक
(स) पोल वॉल्ट
(द) फर्राटा दौड़

18. वेम्बले फुटबॉल स्टेडियम किस शहर में स्थित है?
(अ) लंदन
(ब) दोहा
(स) रियो डि जेनेरियो
(द) मैड्रिड

19. वर्ष 2021 में किस देश ने महिला रग्बी वर्ल्डकप अपने नाम किया है?
(अ) कनाडा (ब) न्यूजीलैंड
(स) इंग्लैंड (द) फ्रांस

20. वर्ष 2023 में एएफसी एशियन कप का आयोजन किस देश में किया जायेगा?
(अ) जापान
(ब) ईरान
(स) कतर
(द) सउदी अरब

21. टी-20 क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) सूर्यकुमार यादव
(ब) जोस बटलर
(स) डेविड वॉर्नर
(द) मोहम्मद रिजवान

22. इनमें से किस रेसर ने एक सत्र में सबसे ज्यादा रेस जीतने का रिकॉर्ड बनाया है?
(अ) कार्लोस सैंज
(ब) मैक्स वर्स्टापन
(स) फर्नांडो अलोंसो
(द) सर्जियो पेरेज

23. फॉर्मूला-वन रेसर चार्ल्स लेकलर्क किस देश से संबंधित हैं?
(अ) मोनाको
(ब) बेल्जियम
(स) ब्रिटेन
(द) अमेरिका

24. वर्ष 2026 में एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप किन देशों में खेला जायेगा?
(अ) ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड
(ब) नीदरलैंड-बेल्जियम
(स) स्पेन-फ्रांस
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (अ), 16. (ब), 17. (अ), 18. (अ), 19. (ब), 20. (स), 21. (द), 22. (ब), 23. (अ), 24. (ब)।

- पृष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

केंद्र सरकार के प्रयासों से दुनिया में पश्चिम लहराता भारतीय आयुर्वेद

आयुर्वेद आज पूरे विश्व का कल्याण करने का काम कर रहा है, यह सिर्फ एक पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के रूप ही नहीं, बल्कि यह एक होलिस्टिक साइंस के तौर पर हमारे सामने है। केंद्र सरकार के प्रयासों और उपायों के चलते आज आयुर्वेद पूरी दुनिया के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है, आयुर्वेद हमें सिखाता है कि शरीर और मन स्वस्थ होना चाहिए। 'उचित नींद' आज चिकित्सा विज्ञान के लिए चर्चा का एक बड़ा विषय है, लेकिन भारत के आयुर्वेद विशेषज्ञों ने सदियों पहले इस पर विस्तार से लिखा था। कुल मिलाकर देखा जाए तो आयुर्वेद भारत की परंपरा और जीवनशैली का हिस्सा है, जिसने हमें जीवन जीने का ढंग सिखाया। पूरे विश्व में आयुर्वेद ने एक विचार को जन्म दिया। आज पूरा विश्व आयुर्वेद के प्रति आकर्षित हो रहा है। बीते कुछ वर्षों से केंद्र सरकार पारंपरिक और असरदार चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को आधार और विस्तार देने के लिए बड़े पैमाने पर पहल कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आयुर्वेद के महत्व पर कहा था कि 'कुछ लोग समझते हैं कि आयुर्वेद, सिर्फ इलाज के लिए है, लेकिन इसकी खूबी ये भी है कि आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर की तरह ही शरीर और मन भी एक साथ स्वस्थ रहना चाहिए, उनमें समन्वय रहना चाहिए।' इसके अलावा श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि जिस योग और आयुर्वेद को पहले उपेक्षित समझा जाता था, वही आज पूरी मानवता के लिए एक नई उम्मीद बन गया है।

पूरी मानवता के लिए एक नई उम्मीद है आयुर्वेद

आयुर्वेद एक ऐसा विज्ञान है जिसका उद्देश्य- सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः। यानी, सबका सुख, सबका स्वास्थ्य। आयुर्वेद वेलनेस की बात करता है और उसे प्रमोट करता है। आयुर्वेद के लाभ को ध्यान में रखते हुए विश्व भी अब तमाम परिवर्तनों और प्रचलनों से निकलकर इस प्राचीन जीवन की दर्शन की तरफ लौट रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान एक वैश्विक संकट पैदा हो गया था, ऐसे में आयुर्वेद का उपयोग कर लोग इस बीमारी से लड़ पाने में सक्षम हुए थे और आयुर्वेद के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ा। वर्तमान में कई सारे ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद खुल रहे हैं। इसी वर्ष 2022 में ग्लोबल आयुष इनोवेशन और इनवेस्टमेंट समिट का सफल आयोजन भी हुआ है, जिसमें डब्ल्यूएचओ ने भी भारत के प्रयासों की तारीफ की है।

एक दार्शनिक आधार है आयुर्वेद

आयुर्वेद सिर्फ उपचार की बात नहीं करता, बल्कि कल्याण की बात करता है, आज पूरी दुनिया आयुर्वेद की तरफ आकर्षित हो रही है। आज पूरी दुनिया के लिए आयुर्वेद एक आशा और अपेक्षाओं का स्रोत बन चुका है। आयुर्वेद एक स्वच्छ विचार पैदा करने के साथ-साथ श्रेष्ठ जीवनशैली के उपयोग में संतुलन को भी प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा आयुर्वेद शारीरिक संरचना के अनुरूप शरीर, मन और चेतना में किस तरह से संतुलन बनाए इस पर भी विचार करता है। आज भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पूरे विश्व में फैल रही है, आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसको लेकर ढेर सरकार ने भारतीय प्राचीन चिकित्सा से संबंधित उपचार और दवाओं के लिए कई देशों में कई समझौते भी किए हैं। आयुष मंत्रालय ने कई प्रशासनिक और नीतिगत उपाय भी किए हैं, ताकि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पहले से कहीं अधिक मुख्यधारा में लाया जा सके।

आयुर्वेद ने 'हील इन इंडिया' के जरिए पूरे विश्व को आकर्षित किया

ग्लोबल हेल्थ केयर में आयुर्वेद का अत्यधिक योगदान है, भारत की इस प्रतिबद्धता का सबूत 'हील इन इंडिया' और 'हील बाय इंडिया' जैसी पहल है। वहीं 'हील इन इंडिया' के माध्यम से आयुर्वेद में विशेषज्ञता और ज्ञान प्राप्त करने के लिए विश्व को भारत की ओर आकर्षित किया जा रहा है और 'हील बाय इंडिया' के जरिए स्वास्थ्य के बारे में अपने अनुभव और साक्ष्य भारत इंडियन नॉलेज सिस्टम में भी उपलब्ध होंगे।

आयुर्वेद के क्षेत्र में पैदा हुए हैं कई अवसर

आज अर्थव्यवस्था में भी आयुर्वेद के महत्व काफी हद तक बढ़ गये हैं। जड़ी-बूटियों की खेती, आयुष दवाओं के निर्माण और आपूर्ति और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नये अवसर पैदा हुए हैं। इन क्षेत्रों में कई स्टार्टअप भी खुले हैं, आज लगभग 40 हजार एमएसएमई आयुष क्षेत्र में सक्रिय हैं। कुछ वर्षों पहले आयुष उद्योग 20 हजार करोड़ रुपये था और आज यह करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं विश्व स्तर पर भी इसका विकास हुआ है। हर्बल दवाओं और मसालों का मौजूदा वैश्विक बाजार 10 लाख करोड़ रुपये का है। अपने एक संवाहन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'पारंपरिक चिकित्सा का यह क्षेत्र लगातार विस्तार कर रहा है और हमें इसकी हर संभावना का पूरा फायदा उठाना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए हमारे किसानों के लिए कृषि का एक नया क्षेत्र खुल रहा है, जिसमें उन्हें बेहतर मुनाफा भी मिलेगा। इसमें युवाओं के लिए हजारों-लाखों नए रोज़गार सृजित होंगे।'

आयुर्वेद में लगातार क्लीनिकल ट्रायल हो रहे हैं। आयुर्वेद की अपनी चिकित्सा पद्धति है और उसमें चिकित्सीय परीक्षण की अपनी शब्दावली है। यह शब्दावली अभी तक सीटीआरआई का हिस्सा नहीं बन पाई थी। इस वजह से आयुर्वेद में क्लीनिकल ट्रायल करने वालों को अनुवाद और ऐलोपैथी की चिकित्सीय शब्दावली का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन अब भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान सांख्यिकी संस्थान ने सीटीआरआई पोर्टल में आयुर्वेद की चिकित्सीय शब्दावली को शामिल कर लिया है। इसके लिए आयुष मंत्रालय की ओर से पूर्व में विकसित किए गए नमस्ते, (एनएमएएसटीई) पोर्टल का सहारा लिया गया। इस पोर्टल में आयुष मंत्रालय की ओर से आयुर्वेद शास्त्र में दर्ज रोगों को इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज के मानकों के हिसाब से कोड कर दर्ज किया गया है।

दुनिया में कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक आयुष जड़ी-बूटियों और उत्पादों का निर्यात का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। आयुष मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 में आयुष मंत्रालय ने 9.22 मिलियन किलोग्राम से अधिक आयुष जड़ी-बूटियों और उत्पादों का निर्यात किया। 2020-21 में दुनियाभर में 12.55 मिलियन किलोग्राम से अधिक भारतीय जड़ी-बूटियों और आयुर्वेदिक उत्पादों को भेजा गया। वहीं 2021 और 22 में यह संख्या बढ़कर करीब 12.62 मिलियन किलोग्राम हो गई।

अन्य प्रमुख जानकारी

- आयुर्वेद की महत्ता को जानते हुए केंद्र सरकार ने इसके प्रचार प्रसार के लिये 2016 में आयुर्वेद दिवस मनाने का निर्णय लिया था। धन्वंतरी जयंती के मौके पर देश में आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष पांचवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया था।
- आयुष मंत्रालय ने इतिहास रचते हुए इस अप्रैल में गुजरात के गांधीनगर में पहला ग्लोबल आयुष इन्वेस्टमेंट एंड इनोवेशन समिट (GAIIS) 2022 का आयोजन किया जो एफएमजीजी, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (हील इन इंडिया), फार्मा, टेक्नोलॉजी एंड डायग्नोस्टिक और फार्मर्स एंड एग्रीकल्चर जैसी प्रमुख श्रेणियों में 9000 करोड़ रुपये से अधिक के लेटर ऑफ इंटेंट का गवाह बना।
- देश में पारंपरिक औषधि सेक्टर को बढ़ावा देने की दिशा में भारत में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना होने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के बीच एक मेजवान देश समझौते को मंजूरी दे दी है। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (WHO - GCTM) अपनी तरह का पहला और एकमात्र केंद्र जामनगर, गुजरात में आकार ले रहा है।
- ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी में आयुर्वेद पर पीठ (एकेडमिक चेयर) बनेगी। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने और शैक्षणिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय ने ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के एनआईसीएम हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयुर्वेद एकेडमिक चेयर की घोषणा की है। जिसका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा।
- आयुर्वेद चिकित्सा करने वाले वैद्य धन्वंतरि को आरोग्य का देवता भी कहते हैं। धन्वंतरि ने ही अमृतमय औषधियों की खोज की थी। इनके वंश में दिवोदास हुए, जिन्होंने शल्य चिकित्सा का विश्व का पहला विद्यालय काशी में स्थापित किया था। जिसके प्रधानाचार्य सुश्रुत बनाए गए थे। सुश्रुत दिवोदास के ही शिष्य और ऋषि विश्वामित्र के पुत्र थे। उन्होंने ही सुश्रुत संहिता लिखी थी। सुश्रुत विश्व के पहले शल्य चिकित्सक थे। दीपावली के अवसर पर कार्तिक त्रयोदशी-धनतेरस को भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। कहते हैं कि शंकर ने विषपान किया। धन्वंतरि ने अमृत प्रदान किया और इस प्रकार काशी कालजयी नगरी बन गई।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

'मिनी शिमला' के नाम से जाना जाता है है मध्यप्रदेश का शिवपुरी जिला

शिवपुरी, मध्यप्रदेश के ग्वालियर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 1 नवंबर, 1956 को किया गया था। इस जिले के उत्तर में ग्वालियर जिला, उत्तर-पूर्व में दतिया, पूर्व से दक्षिण-पूर्व तक उत्तरप्रदेश का झांसी जिला, दक्षिण में अशोकनगर, दक्षिण-पश्चिम में गुना, पश्चिम में राजस्थान का कोटा तथा उत्तर-पश्चिम में श्योपुर जिला स्थित है।

शिवपुरी, ग्वालियर और झांसी के बीच एक बहुत ही खूबसूरत प्राकृतिक स्थल और पक्षियों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है। पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को देखने के लिए पर्यटक यहां आते हैं। यह शहर एक समय ग्वालियर के सिंधिया शासकों की ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करती थी।

जिले को 'मिनी शिमला' भी कहा जाता है। शिवपुरी को मध्यप्रदेश की पर्यटन नगरी का दर्जा भी प्राप्त है।

शिवपुरी को पहले सिपरी के नाम से जाना जाता था। पौराणिक कथा के अनुसार, इस शहर का नाम भगवान शिव के नाम पर रखा गया है। जिले की मुख्य नदियों में पार्वती, सिंध, क्रुनो और वेतवा शामिल हैं।

इतिहास

जिले में प्राचीनकाल में सिंधिया रियासत का दबदबा था। उस समय यहां के घने जंगलों में अंग्रेज और राजा-महाराजा शिकार के लिए आते थे। यहां के इन घने जंगलों को अब अभयारण्य में तब्दील कर दिया गया है, जहां अनेक दुर्लभ पशु-पक्षियों और वनस्पतियों को देखा जा सकता है।

भारत में मुगल शासन के समय में शिवपुरी स्थान का उल्लेख सबसे पहले मिलता है। वर्ष 1564 में, जब इस स्थान पर बादशाह अकबर का पड़ाव बताया जाता है, भारत के इतिहास में शिवपुरी जिले का उल्लेख किया गया था। ग्वालियर राज्य के समय में जिले को नरवर जिले के रूप में जाना जाता था, हालांकि इसका मुख्यालय शिवपुरी में था। शिवपुरी 1804 तक कच्छवाहा राजपूतों के स्वर्ग के रूप में जाना जाता था। उसके बाद यहां सिंधिया राजवंश ने शासन किया। इसके अलावा शिवपुरी जिले का इतिहास देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़ा हुआ है। 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे को शिवपुरी में फांसी दी गई थी। उनकी स्मृति में शिवपुरी में स्मारक बनाया गया है।

शिवपुरी का गठन मध्य भारत में एक जिले के रूप में किया गया था और 1951 से व्यावहारिक रूप से कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अर्थव्यवस्था

शिवपुरी मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान जिला है। यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती है। यहां सोयाबीन का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का, गेहूं और जौ मुख्य फसलें हैं। अरहर, गन्ना, तिल और अलसी जिले की अन्य फसलें हैं। शिवपुरी जिले से चने को अन्य राज्यों को भी निर्यात किया जा रहा है।

शिवपुरी जिला एक बढ़ता हुआ औद्योगिक क्षेत्र है। हस्तशिल्प और चमड़ा उद्योग भी यहां रोज़गार का एक बड़ा क्षेत्र है। जिले के कोलारस और पोहरी ब्लॉक में सेरीकल्चर उद्योग के दो केंद्र हैं। शिवपुरी जिले में कत्था बनाने का कारखाना भी स्थित है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- ग्वालियर
3. जिला मुख्यालय- शिवपुरी
4. क्षेत्रफल- 10,666 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 17,25,782
6. लिंग अनुपात- 877
7. जनघनत्व- 171 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 62.5 प्रतिशत
9. तहसीलें- 11 (शिवपुरी, पोहरी, वैराड़, कोलारस, बदरवास, पिछोर, खनियाधाना, करैरा, नरवर, रन्नौद, शिवपुरी नगर)
10. विकासखंड- 8
11. ग्राम पंचायत- 614
12. ग्राम- 1305
13. जनपद पंचायत- 08
14. नगर पालिका- 08
15. विधानसभा क्षेत्र- 5 (करैरा, पोहरी, शिवपुरी, पिछोर, कोलारस)
16. लोकसभा क्षेत्र- 02 (गुना और ग्वालियर)
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली।

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- शिवपुरी सुशोभित, बारीक नक्काशी से अलंकृत संगमरमर छत्रियों के लिए प्रसिद्ध है, जो सिंधिया शासकों द्वारा निर्मित हैं। ये इमारतें पत्थरों पर की जाने वाली उत्कृष्ट एवं अद्वितीय कारीगरी का बेहतरीन उदाहरण हैं। इनमें से एक छत्री माधव राव सिंधिया (माधौ महाराज) की है और दूसरी उनकी मां महारानी सख्या राजे सिंधिया की। माता और पुत्र की छत्रियां आमने-सामने हैं। यह स्थल एक पुत्र का अपनी माता के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है।
- शिवपुरी जिले में स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान सैकड़ों वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। 1958 में इसे नेशनल पार्क का दर्जा मिला था। इस पार्क में नीलगाय, चिंकारा, तेंदुआ, चीतल, हाथी, बाघ आदि जानवर पाए जाते हैं। यह मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्य जीव पार्कों में से एक है। पार्क शिवपुरी शहर के पास स्थित है और ऊपरी विंध्यन पहाड़ियों का एक हिस्सा है।
- माधव नेशनल पार्क के उच्चतम बिंदु पर समुद्र तल से 484 मीटर (1597 फीट) की ऊंचाई पर स्थित जॉर्ज कैसल एक खूबसूरत महलनुमा इमारत है। यह महल 1911 में ग्वालियर के तत्कालीन सिंधिया शासक द्वारा इंग्लैंड के किंग जॉर्ज पंचम के एक रात के ठहराव के लिए बनाया गया था, जो बाघों के शिकार के लिए जंगल की यात्रा करने यहां आये थे। यहां से झीलों और करघई के जंगल के मनोरम दृश्य देखे जा सकते हैं।
- सिद्धेश्वर बाणगंगा मेला जिले का एक प्रमुख आयोजन है। सिद्धेश्वर मंदिर एक प्राचीन मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर शिवपुरी शहर में जाधव सागर झील के पास स्थित है। वहीं बाणगंगा शिवपुरी में एक पुराना मंदिर है, जो 52 पवित्र कुंडों के लिए प्रसिद्ध है। इस मेले को सिद्धेश्वर बाणगंगा मेला इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह हर साल फरवरी महीने में इन दो मंदिरों के आसपास आयोजित किया जाता है।
- शिवपुरी-झांसी फोरलेन पर शिवपुरी से 22 किलोमीटर दूर सुरवाया की गढ़ी स्थित है। यह काफी प्राचीन है और इसमें मंदिर भी हैं। ऐसी किंवदंती हैं कि पांडव, अज्ञातवास के दौरान इस इलाके में रहे थे। यहां एक विशालकाय चक्की भी है, जिसे भीम की चक्की कहा जाता है। पांडवों ने शिवपुरी में बाणगंगा और वैराड़ में कीचक की मढ़ी में भी अपना अज्ञातवास काटा था।
- शिवपुरी जिले में स्थित टुंडा भरका जलप्रपात एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। इसके साथ ही नरवर का किला, रानी घाटी, माधव विलास पैलेस, पीर बुधन का मकबरा, भदेया कुंड, करेरा अभ्यारण्य, नाग गंगा धाम, मोहिनेश्वर धाम, चिन्ताहरण मंदिर, शिव मंदिर, बांकडे हनुमान मंदिर, आदि जिले के अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

24 दिसम्बर

एशिया की प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनी एयरो इंडिया का आयोजन फरवरी में होगा

● एशिया की प्रतिष्ठित रक्षा प्रदर्शनियों में से एक एयरो इंडिया के 14वें संस्करण का आयोजन 13 से 17 फरवरी 2023 तक बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में किया जायेगा। वायु सेना के अनुसार पांच दिन की इस प्रदर्शनी में एयरो स्पेस, रक्षा उद्योग क्षेत्र की कंपनियां हिस्सा लेंगी तथा वायु सेना के विमान अपने जौहर और करतबबाजी का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में दुनिया के बड़े निवेशकों के साथ-साथ एयरो स्पेस तथा रक्षा क्षेत्र के बड़े थिंकटैंक भी हिस्सा लेंगे। यह प्रदर्शनी विमानन उद्योग क्षेत्र में हो रही नवीनतम घटनाओं के बारे में विचारों के आदान-प्रदान का बेहतर मंच है। इसका उद्देश्य घरेलू विमानन उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेक इन इंडिया योजना को भी मजबूती प्रदान करना है। एयरो इंडिया 2021 में 55 देशों के प्रतिनिधियों तथा 540 कंपनियों ने हिस्सा लिया था।

● नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि टिकट डाउन ग्रेड होने से

Directorate General of Civil Aviation

प्रभावित हवाई यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय अपने प्रावधानों में संशोधन करेगा। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि अंतर्देशीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर हवाई सेवाओं के तेजी से हो रहे विस्तार और यात्री वातायात की संख्या में हो रही वृद्धि के बीच कभी-कभी एयरलाइंस यात्री टिकटों को डाउन ग्रेड (श्रेणी गिराने का निर्णय) कर देती हैं। ऐसे में प्रथम श्रेणी, विजनेस क्लास या प्रीमियम इकोनॉमी में टिकट बुक कराने वालों को चेक-इन के समय विभिन्न कारणों जैसे निम्न श्रेणी में कर दिया गया होता है। वक्तव्य के अनुसार ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यात्रियों को बोर्डिंग से वंचित करने, उड़ानों को रद्द करने और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइनों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित नियमों में संशोधन की तैयारी में है, ताकि टिकटों की डाउन ग्रेड से प्रभावित हवाई यात्रियों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

25 दिसम्बर

इफको की दो और इकाइयों में नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू

● दुनिया की सबसे बड़ी प्रसंस्कृत उर्वरक सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव इफको ने आंवला और फूलपुर, प्रयागराज में अपनी दूसरी नैनो यूरिया विनिर्माण इकाई शुरू की। दोनों इकाइयों में इफको नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू हो गया है। इन नए नैनो यूरिया संयंत्रों की क्षमता प्रति दिन दो लाख बोतल होगी। इफको किसानों के हित में अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। इफको द्वारा विकसित विश्व का पहला नैनो उर्वरक, नैनो यूरिया, निश्चित रूप से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करेगा और फसल उत्पादकता को बढ़ाएगा। यह सतत् कृषि की दिशा में एक बड़ा कदम है।

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने स्टील के ऊपर कार्बनिक पदार्थों की परत चढ़ाकर कार्बनिक सोलर सेल (सौर ऊर्जा सेल) विकसित किया है, जो सौर विद्युत पैदा करने के साथ-साथ भवनों पर इस्पात की चादर वाली छत का भी काम कर सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि यह कार्बनिक सोलर सेल कार्बनिक पॉलीमर और पीसीवीएम यानी कार्बनिक सेमीकेडक्टर (अर्धसंवाहकों) के प्रयोग से तैयार किए गए हैं। कार्बन या प्लास्टिक आधारित सामग्री और कार्बनिक इलेक्ट्रॉनिक्स से बने कार्बनिक सौर सेल अधिक हल्के, लचीले, पतले होते हैं और सामान्य सौर सेल से अधिक टिकाऊ होते हैं। पारंपरिक सौर सेल की तुलना में इनसे अपेक्षाकृत बहुत बड़े क्षेत्र को आच्छादित किया जा सकता है।

● मध्य चिली के वीना डेल मार तटीय क्षेत्र में जंगल में लगी भीषण आग में कम से कम 67 लोग झुलस गये। यह जानकारी आंतरिक मंत्रालय के राष्ट्रीय आपात कार्यालय (ओएनईएमआई) ने दी। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने शहर में बड़ी आपदा घोषित की है। आग में अब तक 130 घर नष्ट हो गये हैं, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है एवं 70 लोगों ने अस्थायी आश्रय स्थलों में शरण ली है।

26 दिसम्बर

आंध्रप्रदेश में लॉन्च की गई जियो टू 5जी सेवा

● जियो ने आंध्रप्रदेश में अपनी जियो टू 5जी सेवा शुरू कर दी है। प्रदेश के तिरुमला, विशाखापत्तनम्, विजयवाड़ा और गुंटूर जियो के 5जी नेटवर्क से जुड़ गए हैं। विजयवाड़ा में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के उद्योग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी, हाथकरघा एवं कपड़ा मंत्री श्री गुडीवाडा अमरनाथ और राज्य के मुख्य सचिव डॉ. के.एस. जवाहर रेड्डी ने जियो टू 5जी और जियो टू 5जी से चलने वाली वॉई-फाई सेवाओं का शुभारंभ किया।

● दक्षिण कोरिया की वायु सेना का एक लड़ाकू विमान देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के दोनों पायलट सुरक्षित हैं। यह जानकारी योनहप न्यूज एजेंसी ने दी। के-1 लड़ाकू विमान सोल से करीब 140 किलोमीटर पूर्व में होएंगसियांग काउंटी में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजकर 40 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के दोनों पायलट सुरक्षित बच गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। विमान एक मैदान में गिरा था और अभी तक कोई जनहानि की सूचना नहीं है। सैन्य अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं।

● भारत की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी ने इटली स्थित मैयर टेक्निमोंट समूह की भारतीय सहायक कंपनी टेक्निमोंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भारत में एनटीपीसी की परियोजना में वाणिज्यिक पैमाने पर हरित मेथनॉल उत्पादन की सुविधा विकसित करने की संभावना का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करना और पता लगाना है। इस हरित मेथनॉल परियोजना में एनटीपीसी के विद्युत संयंत्रों से कार्बन प्राप्त करना और इसे हरित ईंधन में परिवर्तित करना शामिल है।

27 दिसम्बर

देशभर में कोविड से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

● विदेशों में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए देश में कोरोना महामारी से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिला स्तर पर मॉक ड्रिल की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया मॉक ड्रिल देखने के लिए नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पूरी तैयारियों का सुचारू संचालन देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड से निपटने के लिए

उपकरण, दवाइयां और मानव संसाधन का तैयार रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महामारी से बचने के लिए कोविड मानकों का पालन और भ्रमित जानकारियों से बचना जरूरी है।

● चीन ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के आगमन के लिए आठ जनवरी से न्यूक्लिक एसिड परीक्षण को रद्द कर दिया है। चीन की विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार चीन आने वाले यात्रियों को प्रस्थान से 48 घंटे पहले पीसीआर परीक्षण कराने का परामर्श जारी किया गया है। बयान में कहा गया है कि पॉजीटिव परीक्षण परिणाम वाले लोगों को उनका परीक्षण निगेटिव होने तक यात्रा को स्थगित करने की सलाह दी गई।

● अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भीषण बर्फीले तूफान से जूझ रहे न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा कर दी है। व्हाइट हाउस ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा की और 23 दिसंबर से शुरू हुई भीषण शीतकालीन तूफान से उत्पन्न आपातकालीन स्थितियों को लेकर राहत प्रयासों के लिए संघीय सहायता का आदेश जारी किया।

28 दिसम्बर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत होगा स्टेशनों का आधुनिकीकरण

● रेल मंत्रालय ने 'अमृत भारत स्टेशन' योजना नाम से स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। यह स्टेशन की आवश्यकताओं और संरक्षण के अनुसार दीर्घकालिक मास्टर प्लान तैयार करने और मास्टर प्लान के तत्वों के कार्यान्वयन पर आधारित है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इसके तहत विभिन्न ग्रेड के प्रतीक्षालय को क्लब करने का प्रयास किया जाएगा और जहां तक संभव हो सकेगा अच्छा कैफेटेरिया या खुदरा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस योजना का उद्देश्य बेकार या पुरानी इमारतों को लागत प्रभावी तरीके से स्थानांतरित करना है, ताकि उच्च प्राथमिकता वाली यात्री संबंधी गतिविधियों के लिए जगह उपलब्ध हो सके और भविष्य में विकास सुचारू रूप से किया जा सके।

● भारतीय कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि कोविड महामारी के लिए नाक से दी जाने वाली कोविड नासिका दवा 'इन्कोवाक (बीबीवी 154)' जनवरी 2023 के चौथे सप्ताह से बाजार में तथा सरकारी स्तर पर उपलब्ध करा दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह कोविन पोर्टल के माध्यम से मिलेगी। इसे कोवैक्सीन और कोविशील्ड कोविड टीका लेने वाले सभी वयस्क व्यक्ति तीसरी या बूस्टर डोज के तौर पर ले सकेंगे। यह दवा निजी अस्पतालों को 325 रुपये प्रति खुराक और सरकारी को 325 रुपये प्रति खुराक मिलेगी।

29 दिसम्बर

सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर प्रतिबंधों पर जताई चिंता

● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा और उनके काम करने के अधिकारों पर लगातार बढ़ते प्रतिबंधों पर चिंता जताई है। यूएनएससी ने इस प्रतिबंधों को मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताते हुये तालिबान सरकार से इन्हें हटाने की अपील की है। यूएनएससी ने कहा कि तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों की विश्वविद्यालयीन शिक्षा को प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध तालिबान द्वारा अफगानिस्तान के लोगों के साथ की गई प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं के विपरीत है। यूएनएससी ने कहा कि परिषद अफगानिस्तान के विकास और प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं तथा लड़कियों की पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी की मांग करता है।

● रूस ने पश्चिमी देशों द्वारा कच्चे तेल की मूल्य सीमा तय किये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने एक ऐसे आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके तहत मूल्य सीमा का अनुपालन करने वाले देशों को रूस फरवरी से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद कर देगा। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दौरान पश्चिमी देश लगातार रूस पर दबाव बनाने के प्रयास में हैं। इसी क्रम में पश्चिमी देशों ने यह शर्त रखी है कि जो भी देश पश्चिमी देशों से वित्तीय मदद चाहते हैं, उन्हें रूस से आयात होने वाले कच्चे तेल के बदले 60 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा भुगतान नहीं करना होगा। यह शर्त एक फरवरी 2023 से लागू होगी और जुलाई 2023 तक जारी रहेगी।

30 दिसम्बर

ब्रह्मोस मिसाइल के एयर लॉन्च वर्जन का सुखोई-30 से सफल परीक्षण

● भारतीय वायु सेना ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल के एयर लॉन्च वर्जन का सफल परीक्षण किया है। इस मिसाइल का बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने एक पोत पर सटीकता से निशाना लगाया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 400 किलोमीटर है। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि सुखोई-30 एमकेआई विमान से काफी दूर से जमीन पर या समुद्र में मौजूद लक्ष्य को सटीकता से निशाना बनाने की उपलब्धि हासिल कर ली गई है। इससे वायु सेना को रणनीतिक बढ़त मिली है और इससे भविष्य की लड़ाइयों में लाभ मिलेगा।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक श्री संयम भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से आयोजित होंगी। दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिये प्रत्येक पेपर के बीच पर्याप्त अंतराल रखा गया है। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 21 मार्च तथा 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 5 अप्रैल को खत्म होंगी। सीबीएसई के अनुसार 10वीं और 12वीं कक्षा की प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी में आयोजित होंगी। सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की डेटशीट बनाते समय जेईई सहित अन्य परीक्षाओं का भी ध्यान रखा है। सीबीएसई ने कहा कि डेटशीट जल्द जारी करने से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिये पर्याप्त समय मिलेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश को अनेक क्षेत्रों में बनाना है अग्रणी राज्य - मुख्यमंत्री

भोपाल, आम जनता को योजनाओं के क्रियान्वयन का बेहतर लाभ दिलवाने के लिए सुशासन के अनेक उपाय मध्यप्रदेश में अमल में लाए गए हैं। सांख्यिकी आंकड़ों के विकास योजनाओं में इस्तेमाल के संदर्भ में राज्य सांख्यिकी आयोग का गठन करने वाला पहला राज्य मध्यप्रदेश ही है। इस क्रम में अब प्रत्येक जिले में एक-एक सीएम फैलो सम्बद्ध किया जाएगा, जो जिले के प्रभारी मंत्री को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। अब प्रयास यही है कि मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य की पहचान बनाए। आज हुए विचार-मंथन से निकलने वाले अमृत से प्रदेश के नागरिक लाभान्वित होंगे। टीम मध्यप्रदेश आगे भी बेहतर परिणाम सामने लाएगी। मध्यप्रदेश सरकार भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के साथ करारनामा भी करेगी। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम पर फोकस किया जाएगा। मिशन कर्मयोगी योजना मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाया गया ठोस कदम है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश शासकीय क्षेत्र में मानव संसाधन का आकलन कर उनकी कार्यदक्षता बढ़ाने के लिए कार्य करेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन के सभाकक्ष में मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में 'चिंतन शिविर अमृत काल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिमाह कल्याणकारी कार्यक्रमों की विभाग स्तर पर समीक्षा की जाए। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों के समूह और मंत्री समूह बैठक एवं संवाद कर व्यवस्था को पुख्ता बनाएं। श्री चौहान ने कहा कि मंत्रीगण के साथ एक-एक रिसर्च संलग्न करने पर भी विचार किया गया है, ताकि आंकड़ों और कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर उपयोग किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में पन्द्रह सीएम जनसेवा मित्रों को दायित्व देकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की जाएगी। अति सफल क्रियान्वयन वाली योजनाओं की केस स्टडी का कार्य भी किया जाएगा। इससे अन्य प्रांतों तक मध्यप्रदेश के श्रेष्ठ कार्यों का संदेश पहुंच सकेगा। भौतिक अधोसंरचना, सुशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार संबंधी चार स्थाई मंत्री समूह बेहतर परिणामों के और विकास कार्यों की गति बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान नीति के बाद आगामी 13 जनवरी को राज्य की युवा नीति सामने आ रही है, इसके बाद सहकारिता नीति भी शीघ्र आएगी।

प्रधानमंत्री के संकल्पों को साकार करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एक संकल्प को लेकर कार्य कर रहे हैं। क्षमता विकास के संदर्भ में मध्यप्रदेश उदाहरण बनेगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के उद्देश्य से चार समूह गठित किए गए थे। वर्ष 2023 के लिए बनाई गई योजना के बाद आगामी लक्ष्य वर्ष 2047 के लिए तय किया जाना है। प्रधानमंत्री भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2047 में एक विकसित भारत के संकल्प को लेकर प्रयासरत हैं। उन्होंने पांच प्रमुख सूत्रों में विकास, प्रत्येक तरह की परतंत्रता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता के अलावा नागरिकों में कर्तव्य बोध के विकास को आवश्यक माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री जी के संकल्प और उनकी कल्पना के अनुसार टीम मध्यप्रदेश के माध्यम से अधिकतम योगदान देगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी योजनाओं के लाभ से हर नागरिक को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। इस सिलसिले में मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर की अवधि में मुख्यमंत्री जन सेवा शिविरों के माध्यम से करीब 83 लाख हितग्राहियों को चिन्हित किया जो केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से सीधे लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश में सीएम कॉन्क्लेव के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए भी तेजी से कार्य किया गया है।

बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर भारत ने जीती टेस्ट सीरीज

मीरपुर, भारत और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज को भारत ने 2-0 से जीत लिया है। भारत ने मीरपुर में खेले गए सीरीज के दूसरे और अंतिम मैच में बांग्लादेश को बेहद रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नजमुल हुसैन शंतो (24) और जाकिर हसन (15) ने बांग्लादेश को सधी शुरुआत दिलाई। लेकिन ये दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सके। मोमिनुल हक के अलावा अन्य कोई बांग्लादेशी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मोमिनुल हक ने 84 रन बनाये, जिसकी बदौलत बांग्लादेश टीम पहली पारी में 227 रन बना सकी। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव ने 4-4 तथा जयदेव उनादकट ने 2 विकेट लिए।

पहली पारी में भारत की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल (10) और शुभमन गिल (20) जल्द पवेलियन लौट गए। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली ने भारत की लड़खड़ाती पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन ये दोनों बल्लेबाज भी जल्द पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने भारतीय पारी की रन गति को बढ़ाते हुए तेजी से रन जोड़े। वेहतरीन पारी के बावजूद ऋषभ पंत (93) और अय्यर (87) शतक पूरा करने से चूक गए। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी भी आसानी से सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 314 रन बनाये और 87 रनों की बढ़त हासिल की।

- बांग्लादेश ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीता है।
- इस जीत के साथ भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के नजदीक पहुंच गया है।
- भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर काबिज है।
- विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल जून 2023 में लंदन में खेला जायेगा।
- मैच के दौरान चेतेश्वर पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट में सात हजार रन पूरे किये।

दूसरी पारी में भी बांग्लादेश के बल्लेबाज कोई कमाल नहीं दिखा सके। टीम के 3 विकेट महज 51 रन के भीतर गिर गये। हालांकि टीम के युवा ओपनर जाकिर हसन क्रीज पर टिके रहे। जाकिर ने अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके तुरंत बाद वे आउट हो गए। जाकिर के बाद लिटन दास ने एक छोर को थामे रखा और 73 रनों की शानदार पारी खेली। लिटन दास को निचले क्रम में नूरूल हसन (31) और तस्कीन अहमद (31) का वेहतरीन साथ मिला। इसके बावजूद बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 231 रन ही बना सकी। भारत के लिए अक्षर पटेल ने सर्वाधिक 3, अश्विन तथा मोहम्मद सिराज ने 2-2 और उमेश यादव और जयदेव उनादकट ने 1-1 विकेट लिए। भारत को जीत के लिए 145 रनों का लक्ष्य मिला। आसान लक्ष्य के जवाब में भारत की शुरुआत वेहद खराब रही। महज 37 रन पर भारत के 4 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। भारतीय टीम दूसरी पारी में एक समय 74 रन पर 7 विकेट गवांकर संकट में घिर गई थी। इसके बाद श्रेयस अय्यर (29) और रविचंद्रन अश्विन (42) ने जुझारू पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई।

आईपीएल मिनी ऑक्शन

सैम करन बने आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

कोच्चि, इंग्लैंड को आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप-2022 का खिताव दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर सैम करन पर आईपीएल मिनी ऑक्शन में जमकर पैसा वरसा है। सैम करन आईपीएल के इतिहास में ऑक्शन में सवसे ज्यादा कीमत पाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2023 के लिए कोच्चि में आयोजित मिनी ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने सवसे ज्यादा 18.50 करोड़ रुपये की वोली लगाकर सैम करन को अपने स्क्वॉड में जोड़ा है।

ऑक्शन में सैम करन के अलावा बेन स्टोक्स, हैरी ब्रूक, निकोलस पूरन और कैमरन ग्रीन पर भी टीमों ने वड़ी वोली लगाई। स्टोक्स को चार वार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा, वहीं ब्रूक पर सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपये का दांव लगाया। इंग्लिश क्रिकेटरों के बीच ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने भी सवका ध्यान आकर्षित किया। मिनी ऑक्शन में ग्रीन दूसरे सवसे महंगे खिलाड़ी रहे। ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। वेस्टइंडीज के विस्फोटक वल्लेवाज निकोलस पूरन को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 16 करोड़ रुपये में खरीदा। मिनी ऑक्शन में मयंक अग्रवाल सवसे महंगे भारतीय खिलाड़ी वने। मयंक को सनराइजर्स हैदराबाद ने 8.50 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा।

अनकैप्ड खिलाड़ियों का भी रहा जलवा

मिनी ऑक्शन में विना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के अनुभव यानी अनकैप्ड खिलाड़ियों का जमकर वोलवाला रहा। वड़े खिलाड़ियों की तरह अनकैप्ड खिलाड़ियों पर भी करोड़ रुपये की वोली लगी। अनकैप्ड खिलाड़ियों में तेज गेंदवाज शिवम मावी सवसे महंगे खिलाड़ी सावित हुए।

शिवम को गुजरात टाइटंस ने 6 करोड़ रुपये का दांव लगाया वहीं मुकेश कुमार को दिल्ली कैपिटल्स ने 5.50 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा।

मिनी ऑक्शन में ऑलरांउडर विव्रांत शर्मा (2.60 करोड़), विकेटकीपर के.एस. भरत (1.20 करोड़) और वल्लेवाज नारायण जगदीशन (90 लाख रुपये) पर भी वड़ा दाव लगाया गया।

- यह पहला अवसर है जव एक ऑक्शन में एक साथ चार खिलाड़ी 15 करोड़ रुपये से ज्यादा में विके हैं।
- सैम करन से पहले दक्षिण अफ्रीका के किस मॉरिस वर्ष 2021 में सवसे ज्यादा (16.25 करोड़ रुपये) कीमत हासिल की थी।
- मिनी ऑक्शन में 80 खिलाड़ियों पर टीमों ने दांव लगाये।
- मिनी ऑक्शन में डेविड मलान, ट्रेविस हेड और मोहम्मद नवी जैसे दिग्गज खिलाड़ी नहीं चुने गए।

फुटबॉल जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शुमार पेले का निधन

रियो डि जेनेरिया, ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का निधन हो गया है। पेले ने 82 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। दुनिया के महानतम फुटवॉलरों में शुमार पेले का वास्तविक नाम एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो है। वे तीन वार विश्वकप खिताव जीतने वाले विश्व के एकमात्र फुटवॉलर है। पेले वर्ष 1958, 1962 और 1970 में विश्वकप जीतने वाली ब्राजीलियन टीम के सदस्य रहे है। पेले की वेटी केली क्रिस्टीना नैसिमेंटो ने अपने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी।

कोलन कैंसर से जूझ रहे थे पेले

पेले काफी समय से कोलन कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी काफी समय से कीमोथेरेपी चल रही थी। पिछले वर्ष सितंवर में उनके कोलन से ट्यूमर को हटा दिया गया था, तव से उनका नियमित रूप से इलाज चल रहा था। पेले ने कुछ दिन पहले अर्जेंटीना

के फीफा विश्वकप जीतने पर कप्तान लियोनेल मेसी और फाइनल में हैट्रिक लगाने पर किलियन एम्वाप्पे को वधाई दी थी।

कम उम्र में बन गए थे फुटवॉलर

फुटवॉलर के रूप में पेले का कैरियर काफी पहले हो गया था। पेले ने 15 वर्ष की उम्र में फुटवॉल क्लव के लिए खेलना शुरू कर दिया था। इसके एक वर्ष (16 वर्ष में) वाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिल गई। पेले ने ब्राजील के लिए 92 मैचों में 77 गोल किए हैं।

पीएसजी ने एक वर्ष के लिए बढ़ाया मेसी का करार

पेरिस, अर्जेंटीना को फीफा विश्वकप का खिताव दिलाने वाले कप्तान लियोनेल मेसी को पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से खुशखवरी मिली है। पीएसजी ने मेसी के करार को एक वर्ष के लिए वढ़ाने का फैसला किया है। पीएसजी ने कहा कि लियोनेल मेसी क्लव के साथ वर्ष 2024 तक जुड़े रहेंगे। पीएसजी ने कहा कि हम यूएफा चैम्पियंस लीग की रेस में वने हुए हैं। इससे पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि मेसी पीएसजी को छोड़कर एक वार फिर वार्सिलोना क्लव से जुड़ सकते हैं, लेकिन अव इन अटकलों पर विराम लग गया है। मेसी वर्ष 2021 में वार्सिलोना छोड़कर पीएसजी से जुड़े थे। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएसजी टीम के अन्य सुपरस्टार खिलाड़ी किलियन एम्वाप्पे को अगले सत्र में ट्रांसफर विंडो से वेच सकता है।

खेल मंत्री ने लॉन्च किया खेलो इंडिया डैशबोर्ड

नई दिल्ली, केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने खेलो इंडिया डैशवोर्ड लॉन्च किया है। इस दौरान खेल मंत्री ने कहा कि इस डैशवोर्ड से लोग खेलो इंडिया योजना के वारे में सभी जरूरी जानकारी ले पायेंगे। इस डैशवोर्ड पर खेल सुविधाओं, फिट इंडिया और प्ले फील्ड के विकास से जुड़ी सूचनाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया डैशवोर्ड को वास्तविक समय पर अपडेट किया जायेगा, जिसके माध्यम से देश के लोगों तक खेलो इंडिया की सभी जानकारी पहुंच सकेगी। साथ ही लोगों और खिलाड़ियों को खेलो इंडिया की जानकारी के लिए अलग-अलग जगह नहीं जाना पड़ेगा।

आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर के लिए नामित हुए अर्शदीप

दुवई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के युवा तेज गेंदवाज अर्शदीप सिंह को आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया है। अर्शदीप वेहतरीन स्विंग गेंदवाजी के लिए जाने जाते हैं। अर्शदीप ने इसी वर्ष जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अर्शदीप ने भारत के लिए अब तक 21 ट्वेंटी-20 और 3 वन-डे मैच खेले हैं। उन्होंने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 33 विकेट लिए हैं। इस पुरस्कार के लिए अर्शदीप के अलावा दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन, न्यूजीलैंड के फिन एलेन और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान को नामित किया गया है। आईसीसी ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए जनवरी में वोटिंग शुरू होगी। आईसीसी ने महिला वर्ग में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए रेणुका ठाकुर, यास्तिका भाटिका, डार्सी ब्राउन और एलिस कैप्से को नामांकित किया है।

एफआईएच हॉकी विश्वकप में करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली, भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी हरमनप्रीत एफआईएच हॉकी विश्वकप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। हॉकी इंडिया ने 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्वकप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान हरमनप्रीत को सौंपी गई है, वहीं डिफेंडर अमित रोहिदास को टीम में उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है।

हॉकी इंडिया ने कहा कि हरमनप्रीत सिंह ने पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। अव टीम हरमनप्रीत के नेतृत्व में विश्वकप में खेलेगी। टीम के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह भी इस टीम का हिस्सा हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि टीम का चयन वेंगलुरु में हुए दो दिवसीय ट्रायल के आधार

हरमनप्रीत सिंह

पर किया गया है। इस ट्रायल में 33 खिलाड़ी शामिल हुए थे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण किया गया है, जो विश्वकप में टीम को मजवूती देगा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा मनप्रीत की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन वढ़िया रहा है। ऐसे में उन्हें कप्तानी से हटाने का फैसला चौंकाने वाला रहा है। कांस्य पदक विजेता टीम में शामिल रहे गुरजंत सिंह और दिलप्रीत सिंह को विश्वकप के लिए टीम में जगह नहीं मिली है।

भारतीय टीम

गोलकीपर- पी.आर. श्रीजेश और कृष्ण वहादुर पाठक।

डिफेंडर- हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, अमित रोहिदास और नीलम संदीप जेज।

मिडफील्डर- मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद और आकाशदीप सिंह।

फॉरवर्ड- मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक और सुखजीत सिंह।

स्टैंडवाय खिलाड़ी- राजकुमार पाल और जुगराज सिंह

हॉकी इंडिया ने घोषित की प्रोत्साहन राशि

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी टीम का मनोवल वढ़ाने के लिए प्रोत्साहन राशि घोषित कर दी है। हॉकी इंडिया ने कहा कि भारतीय टीम यदि एफआईएच हॉकी विश्वकप में स्वर्ण पदक जीतती है तो खिलाड़ियों को 25-25 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ को 5-5 लाख रुपये वतौर पुरस्कार मिलेंगे। यदि टीम इंडिया रजत पदक जीतती है तो खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ को 3-3 लाख रुपये मिलेंगे। इसी तरह कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ियों को 10-10 लाख तथा सपोर्ट स्टाफ को 2-2 लाख रुपये दिये जायेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• नेपाल के •

प्रधानमंत्री बने प्रचंड

नेपाल में पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें शपथ

दिलाई। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इस शपथ ग्रहण के साथ ही हिमालयी राष्ट्र में चली आ रही लंबी राजनीतिक अनिश्चितता समाप्त हो गई। सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के 68 वर्षीय अध्यक्ष प्रचंड ने सदन के 169 सदस्यों के समर्थन से सरकार गठन का दावा पेश किया था। इसके बाद नेपाली राष्ट्रपति भंडारी ने संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के तहत उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। नेपाली राष्ट्रपति ने दोपहर में शीतल निवास में आयोजित एक आधिकारिक समारोह में पूर्व गुरिल्ला नेता प्रचंड को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रचंड ने प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। भारी बहुमत से प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बावजूद, प्रचंड को अब संविधान के अनुच्छेद 76 (4) के अनुसार 30 दिन के भीतर निचले सदन में विश्वास मत साबित करना होगा।

वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस पंच प्रणों के लिए प्राण शक्ति के समान है : प्रधानमंत्री

- **9 जनवरी 2022 को, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन, प्रधानमंत्री ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों-साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'वीर बाल दिवस' के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा की कि भारत आज पहला 'वीर बाल दिवस' मना रहा है। यह राष्ट्र के लिए एक नई शुरुआत का दिन है जब हम सभी अतीत में दिए गए बलिदानों के लिए अपने सिर झुकाने के लिए एक साथ मिलकर आगे आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'शहीदी सप्ताह और वीर बाल दिवस भावों से भरा जरूर है लेकिन ये अनंत प्रेरणा का स्रोत भी है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह स्मरण कराएगा कि जब अत्यधिक वीरता और बलिदान की बात आती है तब उम्र कोई मायने नहीं रखती है। वीर बाल दिवस हमें राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के लिए दस सिख गुरुओं के अपार योगदान और सिख परंपरा द्वारा दिए गए बलिदान की याद दिलाएगा। 'वीर बाल दिवस हमें बताएगा कि भारत क्या है और इसकी पहचान क्या है। हर वर्ष वीर बाल दिवस हमें अपने अतीत को पहचानने और अपना भविष्य बनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। यह हमारी युवा पीढ़ी की ताकत के बारे में भी

सभी को याद दिलाएगा।' प्रधानमंत्री ने वीर साहिबजादों, गुरुओं और माता गुर्जरी को कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, 'मैं इसे अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि हमें 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित करने का अवसर मिला।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के गौरवशाली इतिहास वाले किसी भी देश को आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान से भरा होना चाहिए, हालांकि, उन्होंने खेद व्यक्त किया कि ममगर्त कहानियां बताई गई और देश में हीनता की भावना पैदा की गई। इसके बावजूद स्थानीय परंपराओं और समाज ने गौरव की इन गाथाओं को जीवित रखा। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़ने के लिए अतीत की संकीर्ण व्याख्याओं से मुक्त होने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश ने गुलामी की सभी निशानियों को मिटाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, 'वीर बाल दिवस पंच प्रणों के लिए एक जीवन शक्ति की तरह है।

प्रधानमंत्री ने वीर साहिबजादे के दृढ़ संकल्प और बहादुरी के महत्व पर भी प्रकाश डाला, क्योंकि उन्होंने औरंगजेब और उनके लोगों के अत्याचार को यह दिखाया कि युवा पीढ़ी उनकी क्रूरता के आगे झुकने को तैयार नहीं थी बल्कि देश के मनोबल की रक्षा के लिए बहुत मजबूत थी। यह एक राष्ट्र की नियति में युवा पीढ़ी की भूमिका को स्थापित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भी इसी संकल्प के साथ भारत को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि इससे हर 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

सिख गुरु परम्परा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह न केवल आध्यात्मिकता और बलिदान की परंपरा है बल्कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण श्री गुरु ग्रंथ साहिब का सर्वदेशीय और समावेशी चरित्र है जहां समस्त भारत के संतों के उपदेश और टीका-टिप्पणी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की जीवन यात्रा भी इस विशेषता का जीवंत उदाहरण है। इस तथ्य का उल्लेख करते हुए कि 'पंच प्यारे' देश के सभी हिस्सों से आए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि मूल पंच प्यारे में से एक द्वारका से था, जहां से प्रधानमंत्री भी आते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'राष्ट्र प्रथम का संकल्प- गुरु गोविंद सिंह जी का अटल संकल्प था।' श्री मोदी ने उनके परिवार के अपार व्यक्तिगत बलिदान का स्मरण करते हुए इस बात की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा, 'राष्ट्र प्रथम' की यह परंपरा हमारे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा पुंज है।।। श्री मोदी ने टिप्पणी की कि भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उनके प्रेरणा स्रोत पर निर्भर करेगा। भारत, भक्त प्रह्लाद, नचिकेता और ध्रुव, बलराम, लव-कुश और बाल कृष्ण जैसे प्रेरक बच्चों के असंख्य उदाहरणों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक बहादुर लड़के और लड़कियां भारत के शौर्य का प्रतिबिंब रहे हैं।

उत्तर कोरिया के ड्रोन ने किया दक्षिण कोरिया के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन

दक्षिण कोरिया की सेना ने उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले कई उत्तर कोरियाई ड्रोन पर हमले के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया और चेतावनी देते हुए गोलीबारी की। यह जानकारी दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने दी।

इस घटना से कुछ दिन पहले ही उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कोरियाई सीमा पार करके आए कई मानवरहित उत्तर कोरियाई ड्रोन दक्षिण कोरिया के क्षेत्र में देखे गए। उसने बताया कि दक्षिण कोरिया की सेना ने चेतावनी दी और गोलीबारी की। इसके बाद उसने उत्तर कोरियाई ड्रोन को गिराने के लिए लड़ाकू विमान एवं हेलीकॉप्टर भेजे। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उसने ड्रोन मार गिराए या नहीं। ऐसा 2017 के बाद पहली बार हुआ है, जब उत्तर कोरिया के ड्रोन दक्षिण कोरिया के हवाई क्षेत्र में घुसे हैं। इससे पहले 2017 में उत्तर कोरियाई ड्रोन दक्षिण कोरिया में मिले थे।

दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने पहले कहा था कि उत्तर कोरिया के पास लगभग 300 ड्रोन हैं। कई संदिग्ध उत्तर कोरियाई ड्रोन 2014 में दक्षिण कोरिया की सीमा में पाए गए थे। इस घटना से तीन दिन पहले दक्षिण कोरिया ने कहा था कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी समुद्री तट की ओर छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं।

यूक्रेन चाहता है शांति शिखर वार्ता

यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने कहा कि उनका देश युद्ध खत्म करने के लिए शांति शिखर वार्ता करना चाहता है, लेकिन उन्हें रूस के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। कुलेबा ने कहा कि उनकी सरकार दो महीने के भीतर 'शांति शिखर वार्ता' चाहती है जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटारेस मध्यस्थ होंगे। उनके इस बयान पर संयुक्त राष्ट्र ने बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। संयुक्त राष्ट्र के सहायक प्रवक्ता फ्लोरेसिया सोतो निनो-मार्टिनेज ने कहा, जैसा कि महासचिव ने पहले भी कई बार कहा है, वह तभी मध्यस्थता कर सकते हैं जब सभी ऐसा चाहेंगे। कुलेबा ने कहा कि उनका देश रूस से सीधी बातचीत करने से पहले चाहता है कि मॉस्को युद्ध अपराध न्यायाधिकरण का सामना करे। वहरहाल,

उन्होंने कहा कि अन्य देश रूस से बातचीत कर सकते हैं जैसे कि तुर्किये और रूस के बीच अनाज समझौते से पहले हुआ था। यूक्रेन की इस दृरदृष्टि का पता चल सकता है कि रूस के साथ युद्ध कैसे खत्म हो सकता है। हालांकि, कोई भी शांति वार्ता होने में महीनों लगेंगे। कुलेबा ने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेस्की की पिछले अमेरिका की यात्रा के नतीजों से पूरी तरह संतुष्ट हैं और उन्होंने बताया कि अमेरिका सरकार ने छह महीने से भी कम समय में देश में पैट्रियट मिसाइल बैटरी को इंस्तेमाल में लाने की एक विशेष योजना बनायी है। कुलेबा ने कहा कि यूक्रेन 2023 में इस युद्ध को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा, 'हर युद्ध कूटनीतिक तरीके से खत्म होता है। प्रत्येक युद्ध जंग के मैदान और वार्ता की मेज पर लिए गए फैसलों के परिणामस्वरूप खत्म होता है।'

कुलेबा के प्रस्ताव पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने कहा कि रूस दूसरों द्वारा तय की गई शर्तों पर कभी नहीं चलता। वह केवल अपनी और सामान्य समझ के अनुसार चलता है।

रूस-ईरान ने तैयार किया 3000 किमी लंबे रास्ते का खाका

अमेरिका समेत पश्चिमी देशों के साथ चल रहे तनाव के बीच रूस और ईरान ने एक नयी कार्ययोजना बनायी है। इन दोनों देशों ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की काट के लिए 25 अरब डॉलर की लागत से 3000 किमी लंबे रास्ते का खाका तैयार किया है। यह रास्ता रूस के व्यावसायिक केंद्र सेंट पीटर्सबर्ग को भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई से जोड़ेगा। यह जमीनी और समुद्री रास्ता सेंट पीटर्सबर्ग से मॉस्को, वोलगोग्रैड, अस्त्रखान से कैस्पियन सी के रास्ते ईरान पहुंचेगा। इसके बाद ईरान की राजधानी तेहरान और भारत के बनाए चाबहार पोर्ट से होते हुए सामान मुंबई बंदरगाह तक पहुंचेगा।



इस रास्ते के नहीं होने पर अब तक भारत का सफर तय करने के लिए रूसी सामानों को 14 हजार किमी का सफर तय करना होता था और 40 दिन का समय लगता था। यह पूरा प्रॉजेक्ट रूस और ईरान के लिए बेहद अहम है जो पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की मार झेल रहे हैं। यही वजह है कि ईरान भी चाबहार पोर्ट से लेकर तेहरान तक अपने रेल मार्ग का विस्तार कर रहा है। वहीं रूस चर्चित वोल्गा नदी को अजोव के समुद्र से जोड़ने के लिए। अरब डॉलर खर्च कर रहा है। इसके लिए नहरों को चौड़ा किया जा रहा है जिससे अब सालभर मालवाहक जहाज आ जा सकेंगे।

ज्ञात रहे कि भारत ईरान में चाबहार पोर्ट के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इस अरबों डॉलर के निवेश के बीच कुछ रूसी और ईरानी जहाज अभी ही इस रास्ते का इस्तेमाल करने लगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिर तरह से अलग-अलग ब्लॉक की महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्द्धा से तेजी से व्यापारिक नेटवर्क अलग आकार ले रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए रूस और ईरान मिलकर एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं।

सर्बिया ने कोसोवो सीमा पर तैनात किए भारी संख्या में सैनिक

यूक्रेन के बाद यूरोप में एक और युद्ध की आहट तेज हो गई है। दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश सर्बिया और कोसोवो के बीच टकराव बढ़ गया है। सर्बिया ने भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती कोसोवो सीमा पर की है। उधर, उत्तरी कोसोवो में सर्बिया कम्युनिटी के लोगों ने मिजोविचा शहर की सड़कों पर अवरोधक लगा दिए हैं। ज्ञात रहे कि आजादी के बाद से ही कोसोवो सर्बिया पर रूस के इशारे पर काम करने का आरोप लगाता रहा है। 25 दिसंबर को दोनों देशों ने एक-दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। कोसोवो का आरोप है कि फायरिंग सर्बिया की तरफ से हुई, जबकि सर्बिया का आरोप है कि कोसोवो में तैनात नाटो के नेतृत्व वाली अंतर्राष्ट्रीय सेना की तरफ से फायरिंग की गई। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते और बिगड़ गए और दोनों के बीच जारी गतिरोध अब युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया है।

सर्बिया के रक्षा मंत्री मिलोस वूसेविक ने एक बयान में कहा, "सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने सर्बियाई सेना को सीमा पर उच्चतम स्तर की लड़ाकू तत्परता, यानी सशस्त्र बल के उपयोग के स्तर पर तैयार रहने का आदेश दिया है।" उन्होंने रायटर्स को बताया कि राष्ट्रपति ने कोसोवो सीमा पर सैनिकों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 5000 करने का निर्देश दिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।